वर्ष-23 ■ अंक-228
पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ शुक्रवार ■ 20 मार्च 2026

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत



भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...




## माँ ब्रह्मचारिणी



**दधना कर पद्माभ्यांक्षमाला कमण्डलम।**
**देवी प्रसीदमयी ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

श्री दुर्गा का द्वितीय रूप श्री ब्रह्मचारिणी हैं। यहां ब्रह्मचारिणी का तात्पर्य तपश्चारिणी है। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप से प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। अत: ये तपश्चारिणी और ब्रह्मचारिणी के नाम से विख्यात हैं। नवरात्रि के द्वितीय दिन इनकी पूजा औरअर्चना की जाती है। जो दोनो कर-कमलो मे अक्षमाला एवं कमंडल धारण करती है। वे सर्वश्रेष्ठ माँ भगवती ब्रह्मचारिणी मुझसे पर अति प्रसन्न हों। माँ ब्रह्मचारिणी सदैव अपने भक्तो पर कृपादृष्टि रखती है एवं सम्पूर्ण कष्ट दूर करके अभीष्ट कामनाओ की पूर्ति करती है।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राम दरबार में की पूजा-अर्चना

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मंदिर के द्वितीय तल पर स्थित राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की और आरती उतारी। इस दौरान वैदिक आचार्यों ने पूरे अनुष्ठान को संपन्न कराया। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह लगभग साढ़े 10 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। एयरपोर्ट से निकलकर राष्ट्रपति ने जगतगुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से रामनगरी में प्रवेश किया। राम मंदिर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति ने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए और मंदिर परिसर का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मंदिर निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।



इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू मंदिर के दूसरे तल पर पहुंचीं, जहां उन्होंने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना कर पूजा-अर्चना की। अयोध्या में राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह चाक-चौबंद रहीं। नवरात्रि के पावन अवसर पर राष्ट्रपति का यह धार्मिक दौरा श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है। अपने अयोध्या प्रवास के बाद राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर करीब 3 बजे मथुरा के लिए रवाना होंगी। वहां वे इस्कॉन मंदिर और प्रेम मंदिर में दर्शन करेंगी। साथ ही अगले दिन, 20 मार्च को, वे संत प्रेमानंद महाराज से भेंट भी करेंगी।


## प्रधानमंत्री ने नव संवत्सर पर दी शुभकामनाएं
## विकसित भारत के संकल्प से सिद्धि की कामना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जगत जननी मां दुर्गा से प्रार्थना की कि उनकी असीम कृपा से सभी का कल्याण हो और राष्ट्र को विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए नई ऊर्जा प्राप्त हो। सोशल मीडिया के माध्यम से अपना संदेश साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शक्ति की आराधना का यह दिव्य अवसर सभी के जीवन में सुख, सौभाग्य, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। उन्होंने विश्वास जताया कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से देशवासियों में सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी।




नवरात्रि के प्रथम दिन देवी शैलपुत्री की पूजा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने संस्कृत सुभाषित के माध्यम से मां के स्वरूप का वंदन किया। उन्होंने कामना की कि मां शैलपुत्री के आशीर्वाद से हर किसी के जीवन में संयम, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। इस अवसर पर उन्होंने भक्तों के लिए एक भक्तिपूर्ण भजन भी साझा किया और मां दुर्गा के चरणों में कोटि-कोटि देशवासियों की ओर से नमन और वंदन किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय नव वर्ष यानी नव संवत्सर के अवसर पर भी देश को बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह नया साल सभी के जीवन में साहस और आत्मविश्वास को बढ़ाए, जिससे राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को नई मजबूती मिले। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में मनाए जाने वाले गुड़ी पड़वा के त्योहार पर भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव नए वर्ष के आगमन और नई आशाओं का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि आने वाला वर्ष सभी के लिए खुशियों और सफलता से भरा हो और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अटूट संकल्प के साथ अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने और देश की प्रगति में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करे।

## विधानसभा अध्यक्ष के रूप में पं. कुंजीलाल दुबे का कार्यकाल है अविस्मरणीय: डॉ. यादव



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व. पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। स्व. पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि विभूषित किया गया। विद्या और ज्ञान के क्षेत्र में की गई सेवाओं और उपलब्धियों के लिए स्व. पं. दुबे को 1965 में एलएलडी की उपाधि दी गई, वहीं 1967 में विक्रम विश्वविद्यालय ने इन्हें डी-लिट की उपाधि प्रदान की थी। वे सदैव हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। म.प्र. विधानसभा के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. पं. कुंजीलाल दुबे का जन्म 19 मार्च 1896 को वर्तमान नरसिंहपुर जिले के ग्राम आमगांव में हुआ था।

### तीन बार विधानसभा अध्यक्ष रहे पं कुंजीलाल

वकालत के पेशे से एक सुघड़ राजनीतिज्ञ के रूप स्थापित होकर स्व. पं. दुबे प्रथम विधानसभा (1956-57), द्वितीय विधानसभा (1957-62) एवं तृतीय विधानसभा (1962-67) में कुल तीन बार मप्र विधानसभा अध्यक्ष के रूप में सेवारत रहे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव विधानसभा अरविन्द शर्मा तथा भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. पं. दुबे के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## भाजपा ने उपचुनाव के लिए जारी की नई कैंडिडेट लिस्ट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को चार राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए अपनी नई उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। यह सूची पश्चिम बंगाल चुनाव से अलग है और गोवा, कर्नाटक, नागालैंड तथा त्रिपुरा की कुल पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है। इन सीटों पर 9 अप्रैल को मतदान होना प्रस्तावित है। भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों में रितेश रवि नाइक को गोवा की पोंडा विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है।


चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत् 2083 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



जुगलकिशोर कुशवाहा
एडवोकेट
:: राष्ट्रीय अध्यक्ष ::
अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा

जीवेत शरद: शतम्



भैया आपको जन्मदिन की हार्दिक-हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं






संदीप विश्वकर्मा
अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी
बेगमगंज

जाहर सिंह लोधी
अध्यक्ष, ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस
बेगमगंज

माधव सिंह सोलंकी
सरपंच, ग्राम पंचायत
खिरेंटी

कोमल साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत
भुरेरू

जयहिंद गौर
सरपंच, ग्राम पंचायत
करहौला

श्री देवेंद्र पटेल
विधायक एवं अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायसेन

सौजन्य: ग्राम पंचायत खिरेंटी, ग्राम पंचायत भुरेरू एवं ग्राम पंचायत करहौला समस्त ग्रामवासी, बेगमगंज

# विश्व गौरैया दिवस पर काया जनकल्याण समिति ने घोसले व जलपात्र का किया वितरण

**समय जगत नरसिंहपुर।** पर्यावरण संरक्षण और जीव-दया के संकल्प को चरितार्थ करते हुए काया जनकल्याण समिति द्वारा 19 मार्च को विश्व गौरैया दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के सुअवसर पर एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समिति की संस्थापिका एवं सुप्रसिद्ध योग गुरु सुश्री इंदु सिंह ने किया, जिनका उद्देश्य विलुप्ति की कगार पर पहुंच रही गौरैया के संरक्षण के प्रति समाज को जागरुक करना तथा लोगों में सकारात्मकता एवं खुशहाली का संदेश प्रसारित करना था। उन्होंने शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कठौतिया (करेली) पहुंचकर विद्यालय परिवार के साथ मिलकर विलुप्त हो रही गौरैया के संवर्धन हेतु जन-जागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिवार के साथ संवाद एवं परिचर्चा से हुई, जिसमें सुश्री इंदु सिंह ने वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन, शहरीकरण, मोबाइल टावरों के प्रभाव एवं प्राकृतिक आवासों की कमी के कारण गौरैया की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि एक समय घर-आंगन में



चहकने वाली गौरैया आज दुर्लभ होती जा रही है, जिसे बचाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। सुश्री इंदु सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास और दाने-पानी की व्यवस्था करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्व गौरैया दिवस और खुशी दिवस के अंतर्संबंध को समझाते हुए बताया कि प्रकृति और जीव-जंतुओं की सेवा ही हमें वास्तविक आंतरिक प्रसन्नता प्रदान करती है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और पर्यावरणीय बदलावों के कारण गौरैया की संख्या में लगातार कमी आ रही है, जिसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुश्री इंदु सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों और छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने घरों की बालकनी, छतों और आंगन में सकोरे (मिट्टी के पात्र) रखें और नियमित रूप से उनमें जल भरकर पक्षियों के जीवन की रक्षा करें। संस्था के शिक्षक आशीष चौरसिया ने कहा, आज के कक्रीट के युग में हमारी नन्ही गौरैया के पास रहने को छत और पीने को पानी नहीं बचा है। भीषण गर्मी की आहट के बीच, बेजुबान पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास, दाने और शीतल जल की व्यवस्था करना हम सबकी नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी है। संस्था की सक्रिय कार्यकर्ता आरती सिंह ने विश्व खुशी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए साझा किया कि जब हम प्रकृति और उसके जीव-जंतुओं की निस्वार्थ सेवा करते हैं, तो वही क्षण हमें वास्तविक आंतरिक प्रसन्नता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सुश्री इंदु सिंह ने विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों–राजवंती ठाकुर, वंदना शर्मा, प्रीति मेहरा, मधुश्री पाराशर, निमिता पचौरी, प्रेरणा शर्मा, रूबेन इक्का, पवन नेमा, यादव बाबूजी, आशीष चौरसिया, सचिन बरसैंया, संजय तिवारी, स्वामी सर, मनोज विश्वकर्मा, रीना प्रजापति, निधि पटैल, आरती सिंह सहित जूही सिंह के साथ मिलकर विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण पहल की। कार्यक्रम के दौरान काया जनकल्याण समिति ने स्टाफ के साथ मिलकर प्राकृतिक तरीके से बने घोसलों एवं जलपात्रों का वितरण करते हुए सभी को भीषण गर्मी के समय पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास, दाना और पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया।

# ग्राम गंगोरा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

## डिजिटल साक्षरता और सामुदायिक विकास पर दिया जोर

**समय जगत, मण्डला।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनसएस) के अंतर्गत विकास खंड बिछिया के ग्राम गंगोरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ विगत दिनों किया गया। यह शिविर सामुदायिक विकास, डिजिटल साक्षरता तथा विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना पर केंद्रित है। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत नारा के सरपंच गांधी मरावी के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधोपुर के एनएसएस प्रभारी राजीव मिश्रा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के प्रथम दिवस स्वयंसेवकों द्वारा परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया



तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। वहीं दूसरे दिन डिजिटल साक्षरता विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राथमिक शाला गंगोरा के शिक्षक विपिन श्रीवास ने स्वयंसेवकों को डिजिटल साक्षरता के लाभ एवं हानियों की जानकारी देते हुए डिजिटल उपकरणों के सही उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिविर में प्राप्त अनुभवों को दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हितकारी लाल पटेल, पूर्व उपसरपंच ओम प्रकाश हरदहा, शिक्षक कृष्ण कुमार पटेल, विपिन श्रीवास सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। शिविर के दौरान श्रमदान, वृक्षारोपण, योग सत्र एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों को सामुदायिक सेवा का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय बैंकर्स समिति डीएलसीसी की बैठक की गई आयोजित

**समय जगत, रतलाम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन की अध्यक्षता में डीएलसीसी/डीएलआरसी की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व डीएलसीसी/डीएलआरसी एवं एसीपी की बैठक में लिए गये निर्णय की प्रगति पर चर्चा की गई, जिसमें जिले का सीडी रेशो– 138 प्रतिशत होने पर सीईओ सुश्री जैन द्वारा बैंकों की प्रशंसा की गई। बैठक में सुश्री जैन ने सभी शासकीय योजनाओं में स्वीकृति/वितरण हेतु पेंडिंग आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा पीएम स्वनिधि योजना/ पीएमएफएमई–/डॉ.भीमराव अम्बेडकर, कामधेनु योजना के शेष आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत कर वितरण करवाने हेतु बैंकों को निर्देशित किया। बैठक में आरबीआई से श्री धीरज गुप्ता, डीडीएम नाबार्ड एन के सोनी, एलडीएम मोहन लाल मीना, आरसेटी निर्देशक श्री दिलीप सेठिया सहित शासकीय विभागों के अधिकारी/बैंक समन्वयक उपस्थित थे।

### चैत्र नवरात्र के अवसर पर आमला में आयोजित होगा सीताराम कीर्तन



**समय जगत, आमला।** चैत्र नवरात्रि एवं श्री रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष भी आमला नगर में सीताराम कीर्तन का आयोजन आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन इस वर्ष अपने 42 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जो क्षेत्र में आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए लक्ष्मण शेषराव चौकीकर ने बताया कि हवाई पट्टी के पास स्थित मनोकामना नाथ नागेश्वर शिव मंदिर में सीताराम नाम का कीर्तन दिनांक 19 मार्च गुरुवार से प्रारंभ होकर 27 मार्च शुक्रवार तक चलेगा। समापन के दिन दोपहर में पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। इस धार्मिक आयोजन का मार्गदर्शन साकेतवासी महामंडलेश्वर श्री 1008 स्वामी श्री रघुवरदास जी महाराज चतुर्भुजी भगवान मंदिर, अयोध्या निवासी के सानिध्य में किया जा रहा है। पिछले 41 वर्षों से निरंतर हो रहे इस आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग मिलता रहा है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार एवं इष्टमित्रों के साथ उपस्थित होकर कीर्तन में सहभागिता करें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**समय जगत, रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के निदान हेतु कार्य योजना बनाने के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना, ईई पीएचई एस.आर. जान्वाले सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संभावित पेयजल संकट के लिए चिन्हित बसाहटों में ग्रीष्मकाल के दौरान सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अभी से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

# चैत्र नवरात्र प्रारंभः सजे मातारानी के दरबार बड़ी देवी मंदिर में लगा भक्तों का तांता





**लखन व्यास- समय जगत, दमोह।** चैत्र नवरात्र के पावन मास में नवरात्र पर्व प्रारंभ हो गये हैं। चैत्र नवरात्रि पर्व जिले में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसके साथ ही जिले के अनेक मंदिरों में घट स्थापना भी की जाती है। पूरे शहर में मातारानी के भजनों की गूंज सुनाई देती है। इसके साथ ही घरों में भी मातारानी के कलश स्थापना की जाती है। इसके साथ ही जिले के फुटेरा तालाब स्थित बड़ी देवी मंदिर में भोर होते ही भक्तों का आना शुरू हो जाता है। माता बड़ी देवी को जल चढ़ाने के लिए महिलाएं-पुरूष लंबी-लंबी लाइन लगाए अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं और जल चढ़ाने के बाद मंदिर की परिक्रमा करते हैं। इसके अलावा मातारानी के पंडाल में बैठकर 'हे माता अम्बे जय जगदम्बे' के भजन कीर्तन करते हैं। पूरे नवरात्रि भर भजन कीर्तन चलता रहता है। इसके अलावा बड़ी देवी मंदिर में सुबह से लेकर देर रात्रि तक भक्तों का आना लगा रहता है। मंदिर प्रांगण के बाहर प्रसाद, चुनरी, फूल माला इत्यादि की दुकानें लगाई गई हैं। नगर के बड़ी देवी माता की कृपा पाने के लिए भक्त दिन-रात पूजा अर्चना में लगे रहते हैं।

**देवश्री जटाशंकर धाम मंदिर में सजा माता का दरबारः** नगर के बीचों-बीच सर्किट हाउस पहाड़ी के समीप स्थित देवश्री जटाशंकर धाम मंदिर में मातारानी विराजमान हैं। स्थानीय लोग सुबह से मंदिर में माता को चढ़ाने के लिए यहां आते हैं। इसके साथ ही मंदिर में कीर्तन भी चलते रहते हैं। जटाशंकर धाम मंदिर में विराजमान भगवान शिव की भी पूजा अर्चना की जाती है। यहां सुबह से लेकर रात्रि तक भक्तों का आना लगा रहता है। इसके अलावा बड़ी देवी स्थित गायत्री शक्तिपीठ, टंडन बगीचा स्थित गायत्री शक्तिपीठ तथा छोटी माता की भी पूजा- अर्चना की जाती है। चैत्र नवरात्रि के चलते जिले में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गये हैं। लोग पूजा आराधना में सुबह से ही लग जाते हैं। इसके अलावा छोटी-छोटी बालिकाओं से लेकर महिला-पुरूष अपनी श्रद्धा अनुसार व्रत उपवास रखते हैं। कुछ लोग तो पूरे नौ दिनों तक उपवास रखते हैं। पंचमी एवं अष्टमी पर मातारानी को खीर-पूड़ी का भोग लगाया जाता है। नवरात्रि के अंतिम दिन जगह-जगह विशाल कन्या भोज भण्डारा का आयोजन भी किया जाता है, जो इस वर्ष भी आयोजित होगा।

# धार किले की प्राचीर पर गूंजा आस्था का स्वर : महाराजा भोज फाउंडेशन का सूर्य अर्घ्य कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न



**समय जगत, धार।** हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर महाराजा भोज फाउंडेशन द्वारा आयोजित सामूहिक सूर्य अर्घ्य पूजन कार्यक्रम इस वर्ष भी ऐतिहासिक धार किला की प्राचीर पर श्रद्धा और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। विगत 16 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम अब शहर की एक सशक्त सांस्कृतिक परंपरा बन चुका है। संस्कृति संरक्षण के संकल्प के साथ आयोजित इस आयोजन में सामाजिक समरसता का अद्भुत संदेश मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से नई पीढ़ी एवं मिलेनियल्स–को अपनी समृद्ध परंपराओं और मूल्यों से जोड़ना रहा, जिसमें आयोजक काफी हद तक सफल भी नजर आए। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों और सभी आयु वर्ग के प्रबुद्धजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में सुधीर वर्मा, राकेश राजपुरोहित एवं डॉ. संदीप खटोड़ उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और इस तरह के आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी रहे। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक श्रीमती अंजलि देवेन्द्र रावल, सहसंयोजक श्रीमती रेणुका पियुष गायकवाड़, श्रीमती सविता विष्णु पाटीदार, श्रीमती स्वप्नजा गिरीश बिड़कर एवं व्यवस्थापक शैलेन्द्र चौरसिया द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष दीपक बिड़कर ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## पठान परिवार ने कराई रोजा इफ्तारी, शब-ए-कद्र पर अमन-चैन की दुआ, अतिथियों का सम्मान

**देवकरण झांजा- समय जगत गुलाना।** शाजापुर जिले के ग्राम अलीसर खेड़ा में पठान परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रोजा इफ्तारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जहां बड़ी संख्या में रोजेदारों ने इफ्तार किया और देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी। ग्राम अलीसर खेड़ा में अमीन पठान, रोशन पठान, दानिश पठान सहित पठान परिवार द्वारा पवित्र रमजान माह के अंतिम अशरे में रोजा इफ्तारी का आयोजन किया गया। इस दौरान शब-ए-कद्र की मुबारक रात पर मुस्लिम समाज के लोगों ने इबादत कर देश और दुनिया में शांति, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। कार्यक्रम की शुरुआत में आमंत्रित अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयंत सिंह सिकरवार, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अजब सिंह पवार सहित पत्रकार हाफिज भाई, कमल



प्रजापति, रमेश राजपूत और महेंद्र सौराष्ट्रीय का सम्मान किया गया। अतिथियों की उपस्थिति में गांव के आलिम द्वारा दुआ पढ़कर रोजा इफ्तारी करवाई गई। इफ्तारी के दौरान यासीन हाजी, शाहरुख भाई, शाहिद अली, जलील भाई, अजीज भाई, साकी बाबा, खालिद भाई, आशिक भाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। इफ्तारी के बाद गांव की मस्जिद में देर रात तक नमाज, कुरआन की तिलावत और विशेष इबादत का दौर चलता रहा। मुस्लिम समाज के लोगों ने शब-ए-कद्र की रात को हजार महीनों से बेहतर बताते हुए पूरी रात इबादत में बिताई। इमामों और उलेमा ने अपने संबोधन में कहा कि शब-ए-कद्र रहमत, बरकत और मगफिरत की रात होती है।

## माता, पिता और गुरु को प्रणाम करने से हमारे सौभाग्य में होती है वृद्धिः डॉ निलिम्प त्रिपाठी

**समय जगत, आष्टा।** विक्रमाब्ध के प्रारंभिक काल में प्रकृति से समरस होने का विज्ञान ही नव संवत्सर है। प्रकृति हमें आनन्द प्रदान करती है। मिट्टी से बना मनुष्य आनन्द के लिए मिट्टी से खेलता है और अंत मे मिट्टी में ही विलीन हो जाता है लेकिन मनुष्य अपनी अखण्ड असंग अभेद का उत्थान चेतना से ही कर पाता है। अन्य के जीवन में आनन्द भरने से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। प्रभु स्मरण में गहन निष्ठा और प्रगाढ़ता हो तो प्रभु भी हमें अपनी स्मृति में रखते हैं। उक्त आशय के उद्गार भागवताचार्य डॉ निलिम्प त्रिपाठी ने जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ द्वारा मानस भवन के दिव्य परिसर में आयोजित नवसंवत्सर एवं गुड़ी पड़वा के कार्यक्रम में व्यक्त किये। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में कहा कि चरित्र हमारी सबसे बड़ी सम्पत्ति है। माता पिता और गुरु को प्रणाम करने से हमारा भाग्य परिवर्तित होता हैं। किसी के प्रभाव से परे अपने स्वभाव में रहने से ही आत्म कल्याण होता है। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने उद्धरणों से समझाया कि संबंधों में मोल भाव नही होता। अपनी वाणी में मधुरता से हमे दूसरों का और अपना मान बढ़ाना चाहिए। जितना हमारा आचरण पवित्र होगा।

## सुभाषिनी विद्या मंदिर ससुंद्रा से तीन विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय प्रभात पट्टन के लिये हुआ चयन







**समय जगत, आमला।** ब्लॉक मुख्यालय आमला अंतर्गत आने वाले ससुंद्रा ग्राम में स्थित सुभाषिनी विद्या मंदिर ससुंद्रा से तीन विद्यार्थियों का इस वर्ष भी नवोदय विद्यालय प्रभात पट्टन में चयन हुआ है। वर्ष 2026 में विद्यालय से नवोदय विद्यालय के लिए चयनित बच्चों में उमंग पिता धर्मराज उघड़े,विधि पिता भोजराज उघड़े, पायल पिता सुनील कुमरे का नाम शामिल है। प्राचार्य मनीष माथनकर ने बताया कि वर्ष 2014 से लगातार हर वर्ष विद्यालय से नवोदय विद्यालय में बच्चों का चयन होते आ रहा है।

सभी बच्चों का चयन कक्षा 6 के लिए हुआ है। अभी तक कुल 27 बच्चों का चयन हो चुका है। उन्होंने बताया कि संस्था के कमलेश माथनकर शिक्षक के कुशल मार्गदर्शन एवं सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत से यह परिणाम प्राप्त हो रहा है। प्राचार्य माथनकर ने चयनित बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# धार नगर के नवीन स्विमिंग पुल के लिए नई व्यवस्था की गई लागू

## तय हुई टाइमिंग, सीसीटीवी और सुरक्षा की बनाई गई सुदृढ़ व्यवस्था

**समय जगत, धार।** धार नगर स्थित नवीन स्विमिंग पूल (तरणताल) के सुचारू एवं सुरक्षित संचालन को लेकर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राहुल गुप्ता ने की, जिसमें पुल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्विमिंग पुल के संचालन के लिए नई समय-सारिणी निर्धारित की गई। इसके अनुसार प्रातः 5.30 बजे से 10 बजे तक तथा सायं 5 बजे से 7.30 बजे तक आमजन के लिए तैराकी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं सायं 7.30 बजे से 8.30 बजे तक केवल वयस्कों को ही प्रवेश



दिया जाएगा, इस दौरान बच्चों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूल में कम से कम चार तैराकी प्रशिक्षकों (महिला एवं पुरुष) की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लाइफ गार्ड्स को यूनिफॉर्म में तैनात रखने एवं पुल के पास 10 फ्लोटिंग ट्यूब उपलब्ध रखने के भी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, तैराकी से संबंधित आवश्यक सावधानियों एवं दिशा-निर्देशों को पूल परिसर की दीवारों पर अंकित कराने तथा परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। तरणताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए आसपास के पेड़ों की कटाई-छंटाई करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए गए हैं, ताकि सूखी पत्तियां पूल में न गिरें। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे।

### आरएलआई विंध्याचल में प्रेरणा लीडरशिप टॉक सीरीज़ का तीसरा संस्करण आयोजित

**सिंगरौली।** आरएलआई विंध्याचल द्वारा वीएसआर क्षेत्र के लिए प्रेरणा ए लीडरशिप टॉक सीरीज़ का तीसरा सत्र दो अलग-अलग बैचों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रातःकालीन सत्र मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए वैल्यू-आधारित संगठनात्मक संस्कृति के निर्माण में नेतृत्व की भूमिका विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें मूल्य-आधारित नेतृत्व को सुदृढ़ करने और दैनिक कार्यप्रणाली को एनटीपीसी के मूल्यों के अनुरूप ढालने पर जोर दिया गया। वहीं सायंकालीन सत्र एसएमसी सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए नेतृत्व की चुनौतियों का सामना विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें बदलते समय में नेतृत्व के सामने आने वाली जटिलताओं और भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया।

# विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न, कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**समय जगत, मण्डला।** कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मण्डला में विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोज भास्कर द्वारा की गई। बैठक में एजेंडावार विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष श्री भास्कर ने कहा कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों के निराकरण की दिशा में कार्य किया जा चुका है तथा शेष मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। बैठक के दौरान कर्मचारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिनमें सातवें वेतनमान का निर्धारण, समयमान वेतनमान, सेवा



पुस्तिका एवं सेवा सत्यापन, स्वत्व भुगतान, वरिष्ठता सूची, विभागीय भविष्य निधि पर्ची, पेंशन प्रकरण तथा अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित विषय शामिल रहे। इन सभी बिंदुओं पर कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर राधेलाल नरेटी, के.डी. दुबे, बी.के. राय, सतीश चन्द्रौल, मिश्रीलाल यादव, एन.के. शुक्ला, एकल कुमार पटेल, गजराज मरावी, प्रकाशचन्द्र वरकड़े, राजीव उसराठे सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रानी तालाब कालिका मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## जय माता के जयकारों से गूंजे देवालय, घट स्थापना के साथ हुई विधिवत पूजा अर्चना

**रीवा।** हिंदू नव वर्ष और चैत नवरात्रि के पहले दिन जिले भर के देवालयों एवं आस्था के मंदिरों के साथ ही घर-घर माता रानी की पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। इसके लिए भक्तों ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। शहर के प्राचीन रानी तालाब देवी मंदिर के साथ ही शहर नव संवत्सर यानी की चैत शुक्ल प्रतिपदा का श्रीगणेश आज से शुरू हो गया। हिंदू नववर्ष की शुरूआत भी इसी दिन में मानी जाती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मातरानी की पूजापाठ की शुरूआत हो गई है जो रामनवमी तक चलती रहेगा। चैत्र नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को शहर के प्रसिद्ध रानी तालाब कालिका मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। तड़के सुबह 4 बजे से ही माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। जैसे-जैसे सुबह होती गई, मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती चली गई। दिन चढ़ने के साथ मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूब गया और माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।चैत्र नवरात्र हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस अवसर पर नौ दिनों तक देवी दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना के साथ ही भक्तों में विशेष उत्साह देखा जाता है। इसी उत्साह और आस्था के साथ रीवा सहित आसपास के गांवों और कस्बों से हजारों श्रद्धालु रानी तालाब स्थित कालिका मंदिर पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह मंगला आरती के साथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। इसके बाद भक्तों की लंबी कतार धीरे-धीरे मंदिर के मुख्य गर्भगृह तक पहुंचती रही। कई श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पहुंचे तो कई लोगों ने माता के दरबार में नारियल, चुनरी, फूल-माला और प्रसाद अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की। मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा जय माता दी के जयकारे लगाए जाते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग कर कतारबद्ध तरीके से दर्शन की व्यवस्था की गई ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया है, जो मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रहा है।मंदिर परिसर में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मातारानी



की दरबार में सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का आना जाना जारी रहा। यह नजारा शहर के रानी तालाब मंदिर की ही नहीं बल्कि जिले भर के मंदिरों, देवालयों में नवरात्रि के शुरू होते ही दिखाई दिया। शहर के रानी तालाब मंदिर, फूलमती माता मंदिर, मां उग्रतारा, मां जलपा, मां शीतला माता, कौमारी माता मंदिरों के साथ ही महामृत्युंजय शिव मंदिर में भोर के चार बजे से भक्तों के आने का तांता शुरू हो गया जी देर रात्रि तक चलता रहा। मां कालका मंदिर रानी तालाब में सुबह से लेकर देर रात्रि तक लाखों लोगों ने दर्शन प्राप्त कर मातारानी का आशिवीद लिया। कार्यालयों और स्कूल की छुट्टी होने के कारण आज अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ दिखाई पड़ी। लोग मातारानी के दर्शन पाने के लिए सपरिवार मात्ता के दरपर में पहुंचे हुए थे।

**लंबी-लंबी लगी कतारें :** देवालयों में भक्ति की शक्ति पहले दिन से पूरे चरम पर दिखाई पड़ी। जिले भर के विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली। प्रथम देवी शैलपुत्री की पूजा के लिए श्रद्धालुओं ने अपने हाथ में नाना प्रकार के पुष्प, अगरवती, धूप, नारियल, फल, पुष्पमाला, आक्षत, कुमकुम, सिदूर, सिंगरदानी के साथ ही माता को चढ़ाने के लिए विभिन्न सजावटी वस्त्रों से बनी चुनरी हाथ में लिए हुए नजर आये। भक्तजनों की यह कतार भोर से ही लगी रही। अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते हुए श्रद्धालु बीच बीच में जय माता की, हर हर महादेव आदि के नारे से पूरे परिसर को गुंजायमान कर रहे थे।

**घर घर बिराजी जगतजननी :** चैत नवरात्रि की धूम जिले भर में मची हुई है। लोग देवालयों के साथ ही अपने घरों में भी माता रानी की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना शुरू कर दी है तथा मन वांक्षित फल की कामना हेतु नौ दिनों के उपवास एवं व्रत का संकल्प लेकर पूजन आरंभकर दिया है।

**अष्टभुजी और दुर्गानगर में उमडा जन सैलाब :** जिले के प्रसिद्ध देवी स्थल माता अष्टभुजी केसथ ही दुर्गानगर में मातारानी की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। यहां भी भोर से भकों का आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया है जो देर रात्रि तक चलता रहा। किसी प्रकार की कोई अध्यवस्था न फैले इसके लिए पुलिस ने पूरे परिसर में नजर रखे हुए थी तया दूसरी ओर सीसीटीव्ही कैमरों के माध्यम से भी नजर रखी जा रही थी बाहर के देवी मंदिरों में उमड़ी भलो की भीड़ अपार है। रानी तालाब मंदिर, फूलमती माता मंदिर से अन्य देवी मंदिरी में सुबह से भक्तों की लंबी-लंबी कतारे देखी जा रही है। इन स्थानों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात। मंदिरों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे चोरों और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।गुरुवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लगातार आवाजाही बनी रही। महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा सभी माता के दर्शन के लिए उत्साह के साथ पहुंचे।

## सार-समाचार

### सिरमौर में शराब के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार



**समय जगत, रीवा।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन तथा एसडीओपी सिरमौर प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी और उनकी टीम ने शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी रामबाबू यादव ने थाना सिरमौर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 मार्च 2026 की रात लगभग 10 बजे वह अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपी प्रभाकर रावत उर्फ लाली ने उसे रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ-पैर, घूंसे और डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया।फरियादी की शिकायत पर थाना सिरमौर में धारा 296, 119(1), 115(2) और 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने लगातार तलाश करते हुए 19 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रभाकर रावत उर्फ लाली, पिता राम कृपाल रावत, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10 थाना सिरमौर जिला रीवा के रूप में हुई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी दीपक तिवारी, उप निरीक्षक प्रकाश नारायण सतनामी, प्रधान आरक्षक विपिन साकेत और आरक्षक बसंत गावड़ की सराहनीय भूमिका रही।

### जिला अस्पताल रीवा में आंखों का सफल ऑपरेशन, मरीजों को मिली नई रोशनी

**रीवा।** जिला अस्पताल में नेत्र चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में लगातार प्रगति देखने को मिल रही है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा आधुनिक तकनीकों जैसे ह्यद्वष्ह्य, फेकोटेरीजियम ऑक्यूलोप्लास्टि के माध्यम से आंखों के सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिससे अनेक मरीजों को नई रोशनी मिली है- डॉ नेहा तिवारी नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल रीवा अस्पताल में विशेष रूप से मोतियाबिंद ऑपरेशन और अन्य नेत्र रोगों के उपचार किए जा रहे हैं। ऑपरेशन के दौरान अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित स्टाफ की मदद से मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान किया जा रहा है,अभी तक 563 हितग्राहियों में से 216 पुरुष,347 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन सफल ऑपरेशनों के कारण ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को अब बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। जिला अस्पताल में ही उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं इस समय जिला अस्पताल में चार विषय विशेषज्ञों टीम उपचार मुहैया करा रही है, डॉ नेहा तिवारी, डॉ डी के गुप्ता,डॉ प्रियंका,डॉ शुभम नामदेव सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से अंधत्व जैसी गंभीर समस्या से बचा जा सकता है।

### सड़क हादसे में आरक्षक विकास चतुर्वेदी की मौत एक्स आर्मी मैन भी थे

**रीवा।** जिले में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस विभाग के आरक्षक विकास चतुर्वेदी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आरक्षक विकास चतुर्वेदी (बैच नंबर 987), जो बेला चौकी में पदस्थ थे, किसी निजी कार्य से बेला से रीवा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उमरी स्थित गुरु कृपा ढाबा के सामने उनका सड़क हादसा हो गया।बताया जा रहा है कि हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चोरहटा थाने को घटना की जानकारी दी गई और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायल आरक्षक को तत्काल संजय गांधी अस्पताल, रीवा ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर फैल गई। मृतक आरक्षक विकास चतुर्वेदी पहले सेना में भी अपनी सेवाएं दे चुके थे और बाद में पुलिस विभाग में आरक्षक के रूप में कार्यरत थे।मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हादसे के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।घटना की खबर मिलते ही पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गए। वहीं परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।इस दर्दनाक हादसे से न केवल पुलिस विभाग बल्कि क्षेत्र में भी शोक का माहौल बन गया है। लोग आरक्षक विकास चतुर्वेदी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं।

### शासकीय विभागों का 62 करोड़ रुपए से अधिक का बिजली बिल है बकाया

**समय जगत, रीवा।** जिले के विभिन्न शासकीय विभागों का 62 करोड़ रुपए से अधिक बिजली का बिल बकाया है। अधीक्षण यंत्री बीके शुक्ला ने शासकीय विभागों के कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा की है कि लंबित बिजली बिल का भुगतान कराएं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 40.38 करोड़ रुपए, महिला एवं बाल विकास विभाग 6.41 करोड़ रुपए, स्कूल शिक्षा विभाग का 4.01 करोड़ रुपए, नगरीय विकास एवं आवास विभाग का 3.66 करोड़ रुपए, जल संसाधन का 3.44 करोड़ रुपए का बिजली का बिल बकाया है। इसी प्रकार लोक स्वास्य एवं परिवार कल्याण विभाग का 98 लाख रुपए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का 38 लाख रुपए, आदिम जाति कल्याण विभाग का 35 लाख रुपए, लोक निर्माण विभाग का 25 लाख रुपए, उच्च शिक्षा विभाग का 17 लाख रुपए, राजस्व विभाग का 12 लाख रुपए, गृह विभाग का 6 लाख रुपए, वन विभाग का 6 लाख रुपए, कृषि विभाग का 4 लाख रुपए सहित अन्य शासकीय विभागों के एक करोड़ 76 लाख रुपए बिजली का बिल बकाया है।

## जिला जल अभावग्रस्त घोषित, निजी नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण रीवा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 15 जुलाई 2026 या वर्षा के आरंभ तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार जिले में इस वर्ष सामान्य औसत वर्षा से कम वर्षा हुई है। सिंचाई आदि कार्यों में भू-गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन के कारण पेयजल स्त्रोतों के जल स्तर में कमी आई है। जिसके कारण जिले के सभी विकासखण्डों एवं नगरीय क्षेत्रों में नलकूपों और अन्य जल स्त्रोतों के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे जिले में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की आशंका है। पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रीवा द्वारा नलकूप खनन में पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा की गई है। जारी आदेश के अनुसार जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पूर्व अनुमति के नवीन नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति एवं प्राइवेट ठेकेदार बिना अनुमति नलकूप खनन नहीं करेगा। यह आदेश सरकारी नलकूप खनन कार्यों पर लागू नहीं होगा। नदी, नालों, स्टॉपडैम और सार्वजनिक कुओं के जल को केवल घरेलू और पेयजल प्रयोजनों के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजनों के लिए नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। निजी भूमि पर नलकूप खनन के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्धारित प्रारूप और शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। एसडीएम पीएचई विभाग से तकनीकी अनुशंसा प्राप्त करने के बाद ही अनुमति प्रदान करेंगे। सार्वजनिक जल स्रोत सूखने की स्थिति में प्रशासन जनहित में किसी भी निजी पेयजल स्रोत का एक निश्चित अवधि के लिए अधिग्रहण कर सकेगा।

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश**

## जल ही जीवन है, इसका सदुपयोग करें सुनिश्चित: सीईओ मेहताब सिंह

### जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ



**समय जगत, रीवा।** जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जनभागीदारी से कार्य कराए जाएंगे। इसी क्रम में रीवा जनपद के ग्राम पंचायत अगडाल में जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर के नेतृत्व में जेलुका तालाब परिसर में सामूहिक श्रमदान किया गया। लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में फैले इस तालाब के संरक्षण का संकल्प लेते हुए उपस्थित ग्रामीणों को जल बचाने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जल ही जीवन है। इसका सदुपयोग करना आवश्यक है। यदि हम अभी सचेत नहीं हुए तो आने वाले समय में पानी की बड़ी समस्या सामने आएगी। अतः सभी का दायित्व है कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए आगे आएं और अपनी सहभागिता निभाएं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया और तालाब संरक्षण में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत रीवा की अध्यक्ष संगीता राजेश यादव, उपाध्यक्ष सुनीता बृजेंद्र द्विवेदी,परियोजना अधिकारी शिव सोनी, सीईओ पूनम दुबे, सहायक यंत्री अनिल तिवारी, उपयंत्री अरुण पटेल, ग्राम पंचायत अगड़ाल के सरपंच अरविंद दुबे सहित रामलाल गौतम और डॉ. लालबिहारी मिश्रा उपस्थित रहे। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पंचायत गेरूई में जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने किया। इसी प्रकार जनपद त्योंथर के चुनरी ग्राम पंचायत में जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया गया। सिरमौर जनपद के खैरहन पंचायत अंतर्गत देमान तालाब में आयोजित जल संरक्षण के कार्य में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों सहित ग्रामीणजनों ने अपनी सहभागिता निभाई। सभी के सहयोग से तालाब से गाद निकालकर जल संरक्षण अभियान की शुरूआत की गई। जवा जनपद के जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम में अधिकारियों और ग्रामीणजनों ने मिलकर झलवा गांव में अमृत सरोवर में जल संरक्षण के कार्य में अपनी सहभागिता निभाई।

## आदि विक्रमादित्य का हुआ मंचन

**रीवा।** नवसंवत्सर एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर रीवा के पंचमठा मंदिर में महाराजा विक्रमादित्य पर आधारित भव्य विक्रमोत्सव का आयोजन किया गया। सूर्यकोटि ब्रह्मध्वज के पूजन के साथ नववर्ष एवं कार्यक्रम की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ हुई। इस ऐतिहासिक आयोजन का मुख्य आकर्षण रंग अनुभव शिक्षा समिति की नाट्य संस्था द्वारा श्री विनोद मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत सम्राट विक्रमादित्य के युग पर आधारित भव्य नाट्य मंचन रहा, जिसने उपस्थित जनसमूह को इतिहास की स्वर्णिम गाथा से जोड़ दिया। नाट्य मंचन की शुरुआत में वर्तमान समय के युवाओं के नववर्ष मनाने के तरीके और हमारी प्राचीन संस्कृति के बीच अंतर को दर्शाया गया। इसके बाद मंच पर इतिहास की परतें खुलीं और दर्शकों को बताया गया कि विक्रम संवत का प्रारंभ क्यों और कैसे हुआ। 15 से अधिक कलाकारों ने अपनी सजीव प्रस्तुति से ऐसा समां बाँधा कि हर दृश्य के साथ तालियों की गूंज बढ़ती गई और मंच पर इतिहास जीवंत हो उठा।

कार्यक्रम में पार्षद श्री अख्तर अली, श्री राजबहोर, ज्वाइंट कलेक्टर श्री आरके सिन्हा,




डिप्टी कलेक्टर सुश्री सुरभि जैन, उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, सहायक यंत्री श्री राजेश चतुर्वेदी, गीता प्रतिष्ठानम से श्री एसएन दुबे, श्री बीएल मिश्रा, श्री रमेश गिरी, जनप्रतिनिधि श्री उमेश वर्मा, श्री राजेश नामदेव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। ज्वाइंट कलेक्टर श्री आरके सिन्हा ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन से हमें कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से हर पीढ़ी यह समझ सकी कि हम भारतीय नववर्ष क्यों मनाते हैं और विक्रम संवत की शुरुआत कैसे हुई। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से हमारी जड़ों को मजबूती मिलती है। उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि नाटक के माध्यम से सभी को हमारे स्वर्णिम इतिहास को जानने का अवसर मिला है। इससे विक्रम संवत के महत्व को व्यापक रूप से समझने में सहायता मिली। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने चाहिए और सभी उपस्थित जनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा ब्रह्मध्वज का पूजन किया। इस अवसर पर विक्रम संवत के इतिहास पर आधारित पुस्तक भी अतिथियों को भेंट की गई।

नाट्य संस्था के कलाकारों ने जिस शैली, संवाद और अभिनय कौशल के साथ सम्राट विक्रमादित्य की गाथा को मंच पर प्रस्तुत किया, उसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था के संयोजक श्री मती सुमन मिश्रा ने बताया कि इस नाटक को 20 कलाकारों के द्वारा तैयार किया गया है जिसमें गीत संगीत एवं नृत्य का समावेश रहा जिससे नाटक प्रभावी रूप से दर्शकों तक पहुंच पाया।

## कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा संपन्न, उन्नत खेती और तकनीक पर हुआ मंथन

**रीवा।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र रीवा में एक वृहद कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर आधुनिक कृषि तकनीकों और नवीन सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अजय कुमार पाण्डेय ने किसानों को समसामयिक कृषि कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से सलाह दी कि सरसों की कटाई के बाद खेत खाली न छोड़ें। अतिरिक्त आय के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग और सब्जियों की खेती करें। उचित प्रबंधन से जायद के मौसम में किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं।

संयुक्त संचालक कृषि श्री यू.पी. बागरी ने नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की प्रथा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने किसानों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए बताया कि नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण में भारी बढ़ोत्तरी होती है और मिट्टी के जरूरी कार्बनिक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। भूमि के लिए लाभकारी सूक्ष्म जीव जलकर मर जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता घटती है। सहायक संचालक कृषि डॉ. सुरेश पटेल ने भारत सरकार की डिजिटल पहल एग्रीस्टैक और फार्मर रजिस्ट्री पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसानों का एकीकृत डेटाबेस बनने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और ऋण व सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों को मिलेगा। साथ ही उर्वरक वितरण को सुगम बनाने के लिए ई-टोकन व्यवस्था की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में कृषि महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. त्रिपाठी एवं संयुक्त संचालक श्री यू.पी. बागरी ने वर्ष 2024-25 में आत्मा योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

**हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ भव्य आयोजन इस बार अद्भुत होगी शोभायात्रा**

## श्रीराम नवमी उत्सव समिति कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**रीवा।** आज स्टैचू चौराहा, किला रोड स्थित श्री राम नवमी उत्सव समिति के कार्यालय का विधिवत मंत्रोच्चार एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह जी, एवं नगर निगम रीवा के नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा जी , वरिष्ठ समाजशेवी प्रह्लाद सिंह जी , प्रकाश तारानी जी, हरीश ढींगरा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही समिति के कार्यकारी सदस्य, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री राम नवमी उत्सव समिति के अध्यक्ष नरेश काली जी, सचिव दिव्यांशु गौतम जी एवं कोषाध्यक्ष अशोक मिश्रा जी, युवा प्रमुख विपिन मिश्रा, शोभा यात्रा प्रभारी अमित ठारवानी,प्रचार प्रसार प्रमुख अंशुमान गुप्त , सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से



चर्चा की।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष श्री राम नवमी का आयोजन और अधिक भव्य, अनुशासित एवं जनसहभागिता के साथ संपन्न किया जाएगा। साथ ही श्रीराम नवमी के अवसर पर इसके लिए शहर भर में व्यापक साज सज्जा तथा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा प्रत्येक घर तक आमंत्रण पहुँचाने की योजना बनाई गई है। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होने से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के पावन जन्मोत्सव को भव्य रूप देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी सहित विहिप विभाग संगठन मंत्री अवधेश सिंह जी, विभाग मंत्री विश्वनाथ खरौल जी, गोपाल दास मांझी जी, नारायण ताम्रकार जी, प्रकाश गुप्ता केशरिया महेश ठारवानी जी, अमित डिगवानी जी, पीयूष त्रिपाठी जी, पप्पू मांजानी, सुमित माँजवानी, सुधांशु पाठक,मनीष गहाई,रोहित पाठक,विनोद पुरुस्वानी,श्याम वाधवानी,दिलीप ठारवानी,अनिल कोटवानी,हरिओम तिवारी, श्रीमति अदिति सिंह, श्री मति चेतना मिश्रा, सुश्री निशा जैसवाल , सुश्री रिचा मिश्रा, सुश्री जलसा विश्वकर्मा, सुश्री खुशबू गुप्ता, सत्यपाल चुंगवानी, धीरेंद्र विश्वकर्मा, सत्यम पांडेय, शुभम कुशवाहा, सतेंद्र त्रिपाठी, सर्वेश मिश्रा, समिति ने सभी रामभक्तों एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित जुड़कर इस पावन आयोजन को सफल बनाएं और सनातन संस्कृति की गरिमा को आगे बढ़ाएं।

## संपादकीय

# त्योहारों पर बना सद्भाव का अनूठा संयोग

देश में नवरात्रि का पर्व शुरू हो गया है। यह मार्च महीना धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। एक ओर सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलाल की 1076वीं जयंती का भव्य आयोजन हो रहा है,वहीं दूसरी ओर पवित्र इस्लामिक त्योहार ईद-उल- फितर भी लगभग उसी समय मनाए जाने की संभावना है। साथ ही नवरात्रि पर्व पर धार्मिक- सांस्कृतिक आयोजनों से हिंदू समुदाय के गौरवान्वित होने का सुअवसर भी है। यह संयोग न केवल भारत की विविधता में एकता की परंपरा को दर्शाता है,बल्कि वैश्विक स्तरपर सांस्कृतिक सह-अस्तित्व, सहिष्णुता और भाईचारे का संदेश भी देता है। सिंधी समाज के लिए चेटीचंड केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान,ऐतिहासिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह दिन झूलेलाल के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, विश्वभर में फैले सिंधी समुदाय चाहे वे भारत में हों या अमेरिका, दुबई, यूके, अफ्रीका या एशिया के अन्य देशों में इस दिन को अत्यंत श्रद्धा,उल्लास और भव्यता के साथ मनाते हैं। वर्ष 2026 में यह उत्सव और भी विशेष बन गया है। विभिन्न झूलेलाल जयंती समारोह समितियों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों,सिंधी विद्यालयों तथा व्यापारिक और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से यह आयोजन एक वैश्विक सांस्कृतिक उत्सव का रूप ले चुका है। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम न केवल धार्मिक भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं,बल्कि समाजसेवा,स्वास्थ्य जागरूकता सांस्कृतिक संरक्षण और युवा सहभागिता को भी प्रोत्साहित करते हैं। जब चेटीचंड और ईद-उल-फितर जैसे दो महत्वपूर्ण पर्व एक ही समय पर आते हैं, तो यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण बन जाता है। कुछ स्थानों पर चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा, उगादी और चेटीचंड को एक ही श्रेणी में रखते हुए 19 मार्च 2026 को भी अवकाश घोषित किया गया है। यह दर्शाता है कि भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था भी विविध धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान करती है । यह अवकाश केवल एक छुट्टी नहीं, बल्कि लोगों को अपने धार्मिक और सांस्कृतिक कर्तव्यों को निभाने, परिवार और समाज के साथ समय बिताने और परंपराओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। वहीं विविध समुदायों के त्योहारों का यह मेल देश में आपसी सद्भाव एवं भाईचारे को सुदृढ़ बनाने का संदेश देता है।

# गुड़ी पड़वा: हिंदू नव वर्ष का वैज्ञानिक सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व

**डॉ. भूपेन्द्र कुमार सुल्लेरे**

भारतीय सनातन परंपरा में पर्व केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं होते, बल्कि वे जीवन, प्रकृति, समय और समाज के गहरे संबंधों को अभिव्यक्त करने वाले सांस्कृतिक और दार्शनिक आयाम भी समेटे होते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाने वाला गुड़ी पड़वा इसी व्यापक परंपरा का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। यह दिन हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ का प्रतीक माना जाता है और भारतीय जीवन दृष्टि में इसे नव ऊर्जा, नव संकल्प और सकारात्मक चेतना के जागरण का अवसर समझा जाता है। भारतीय चिंतन में समय को रेखीय न मानकर चक्रीय माना गया है। इस दृष्टि से नव वर्ष का प्रारंभ केवल कैलेंडर परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया है। गुड़ी पड़वा इसी संतुलन का सांस्कृतिक उत्सव है, जो व्यक्ति और समाज दोनों को आत्ममंथन तथा नव आरंभ का संदेश देता है। वैज्ञानिक दृष्टि से यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह समय वसंत ऋतु का होता है जब प्रकृति में नवजीवन का संचार स्पष्ट दिखाई देता है। पेड़-पौधों में नई कोंपलें और पुष्प खिलते हैं, वातावरण संतुलित होता है तथा तापमान स्वास्थ्य के अनुकूल होता है। आधुनिक विज्ञान भी मानता है कि ऋतु परिवर्तन के इस काल में मानव शरीर की जैविक घड़ी अनुकूलन की प्रक्रिया से गुजरती है। भारतीय परंपरा में इस समय शरीर शुद्धि और स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़े अनेक आहार और व्यवहार अपनाने की परंपरा रही है। नीम और गुड़ का सेवन इसी संदर्भ में देखा जाता है, जिसे आयुर्वेदिक दृष्टि से रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने वाला माना गया है। इस प्रकार गुड़ी पड़वा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति आधारित जीवन शैली और स्वास्थ्य विज्ञान से जुड़ा हुआ सांस्कृतिक संकेत भी है। यह दर्शाता है कि प्राचीन भारतीय समाज में पर्वों की संरचना केवल भावनात्मक आधार पर नहीं, बल्कि पर्यावरण और मानव जीवन के वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर भी की गई थी। सनातन सांस्कृतिक दृष्टि से गुड़ी पड़वा को सृष्टि के नव सृजन का प्रतीक माना जाता है। यह मान्यता भारतीय दार्शनिक परंपरा में निहित उस विचार को अभिव्यक्त करती है जिसमें प्रत्येक क्षण को नए अवसर के रूप में देखा जाता है। घरों के बाहर स्थापित की जाने वाली ÷गुड़ी÷ विजय, समृद्धि और आशा का प्रतीक मानी जाती है। यह प्रतीकात्मक व्यवस्था व्यक्ति को यह स्मरण कराती है कि जीवन में सकारात्मक दृष्टि और धर्म आधारित आचरण ही स्थायी सुख और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होने वाला हिंदू नव संवत्सर प्राचीन भारतीय कालगणना की वैज्ञानिक परंपरा को भी उजागर करता है। यह पंचांग चंद्र और सूर्य दोनों की गति के समन्वय पर आधारित है। इस प्रकार की चंद्र-सौर गणना प्रणाली कृषि, ऋतु परिवर्तन और सामाजिक जीवन की आवश्यकताओं के साथ गहराई से जुड़ी हुई रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में समय विज्ञान और खगोल विज्ञान का अत्यंत विकसित स्वरूप विद्यमान था। आधुनिक वैश्विक संदर्भ में भी यह प्रणाली प्रासंगिक दिखाई देती है क्योंकि आज विश्व सतत विकास और पर्यावरण संतुलन की अवधारणा को समझने का प्रयास कर रहा है। भारतीय नव वर्ष की यह परंपरा प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा देती है, जो वैश्विक स्तर पर सकारात्मक जीवन शैली का मार्गदर्शन कर सकती है। राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृष्टि से भी गुड़ी पड़वा को महत्वपूर्ण माना जाता है। अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन इस दिन को भारतीय नव वर्ष के रूप में मनाते हुए समाज को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास करते हैं। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इस पर्व को सांस्कृतिक आत्मबोध और राष्ट्रीय चेतना के जागरण का अवसर मानता है। संघ की विचारधारा में स्वदेशी कालगणना और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान राष्ट्रीय आत्मविश्वास और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का माध्यम माना जाता है। इस प्रकार गुड़ी पड़वा का उत्सव समाज को यह प्रेरणा देता है कि आधुनिकता के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी संरक्षित और सशक्त किया जाए। यह पर्व सामाजिक समरसता, पारिवारिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करता है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो आज मानवता मानसिक तनाव, सामाजिक विघटन और पर्यावरण संकट जैसी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे समय में गुड़ी पड़वा जैसे उत्सव प्रकृति आधारित जीवन शैली, सकारात्मक चिंतन और सामूहिक उत्सव के माध्यम से सामाजिक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह पर्व नई शुरुआत का संदेश देता है और यह विश्वास जगाता है कि परिवर्तन और नव निर्माण जीवन का स्वाभाविक अंग हैं। इस दृष्टि से गुड़ी पड़वा केवल एक क्षेत्रीय या धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा, संतुलन और सकारात्मकता का सांस्कृतिक संदेश भी है। यह समाज को यह सिखाता है कि विकास का वास्तविक अर्थ केवल भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि मानसिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय संतुलन भी है। अंततः कहा जा सकता है कि गुड़ी पड़वा विज्ञान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और राष्ट्रीय चेतना का समन्वित उत्सव है। यह पर्व व्यक्ति और समाज दोनों को आत्मचिंतन, नव संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# विश्व गौरैया दिवस: प्रकृति की नन्ही दूत है चिड़िया

## नजरिया

**गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है।**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

विश्व गौरैया दिवस नन्ही घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और ध्यान की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उ?कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती



है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं।

गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है। आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बढ़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है। जानकारो का कहना हैं कि यह चिड़िया शांति और सदभावना का संदेश लेकर आती है। आंकड़े बताते हैं कि विश्व भर में घर-आंगन में चहकने-फुदकनेवाली छोटी सी प्यारी चिड़िया गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला था। वहीं आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह कमी ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में हुई है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। जबकि स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआईबी) रिपोर्ट 2023 के मुताबिक पिछले 25 सालों में गौरैया की आबादी कुल मिलाकर काफी स्थिर रही है। हालांकि भारत में हाउस स्पैरो की संख्या कम होने की आम धारणा है। गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर दिल्ली सरकार ने 2012 और बिहार सरकार ने 2013 से गौरैया को राजकीय पक्षी घोषित कर रखा है। कभी हमारे घर-आंगन में गिरे अनाज को खाने गौरैया फुर्र से आती थी और दाना चुगकर उ? जाती थी। हालांकि गांवों में आज भी कई घरों में गौरैया आ रही है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे कई कारण हैं जिन पर लगातार शोध हो रहे हैं। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में आहार की कमी, ब?ता आवासीय संकट, कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवन-शैली में बदलाव, प्रदूषण और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन को दोषी बताया जाता रहा है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे बेतहाशा कीटनाशक का प्रयोग को माना जा रहा है। गौरैया के प्रजनन के लिए अनुकूल आवास में कमी को भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण माना जा रहा है। कच्चे घरों का तेजी से कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होने से शहरों में इनके प्रजनन के लिए अनुकूल आवास नहीं मिलते हैं। यही वजह है कि एक ही शहर के कुछ इलाकों में ये दिखती है तो कुछ में नहीं। गौरैया संरक्षण में जुड़े लोग कृत्रिम घर बनाकर गौरैया को प्रजनन के लिए आवास देने की पहल चला रहे हैं। इसमें गौरैया अंडे देने के लिए आ भी रही हैं। जहां तक गौरैया का सवाल है यह इन्सानों की दोस्त तथा किसानों की मददगार है। गौरैया इन्सान के साथ रहते हुए उन्हें सुख-शांति प्रदान करती हैं। बच्चों का बचपन इसके साथ खेलते हुए गुजरता है। लेकिन हम इन्सानो ने ही इसे अपने से दूर कर दिया है। भारत में पक्षियों की कुल मिलाकर 1250 प्रजातियां हैं। जिनमें से 85 प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। जिसमें गौरैया का भी नाम शामिल है। गौरैया का सुरक्षित रखना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह खेतों की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को खा लेती है। जिससे किसान की फसल खराब होने से बच जाती हैं। गौरैया अपना घौंसला इंसानों के करीब बनाती है। इससे उनके घौंसले उजाड़ दिए जाते हैं। बढ़ता वायु प्रदूषण भी इन पक्षियों के लिए मुसीबत है। इसलिए जरूरी है कि हम अभी से यह समझने की कोशिश करें कि छोटी सी गौरैया हमारे जीवन के लिए कितनी अहम है। ऐसे में उसकी रक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# बुलेट ट्रेन की परियोजना को लगे पंख

**विनोद कुमार सिंह**

**भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है,जहां विकास की परिभाषा केवल सड़कों,पुलों और भवनों तक सीमित नहीं रही,बल्कि वह गति, समन्वय और सुविधा के समग्र अनुभव में परिवर्तित हो चुकी है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन मोड़ व अश्वनी वैष्णव के विजन में इसी बदलती सोच का सबसे सशक्त प्रतीक बनकर उभरी है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण बुलेट ट्रेन की परियोजना में पंख लग गए है। सर्व विदित रहे कि देश की बहुप्रतीक्षित बुलेट ट्रेन परियोजना,जो केवल एक तेज रफ्तार रेल सेवा नहीं,बल्कि आधुनिक शहरी जीवन शैली का आधार बनने की दिशा में अग्रसर है।**



आपको बता दें कि बुलेट ट्रेन स्टेशनों को जिस दृष्टिकोण से विकसित किया जा रहा है,वह अपने आप में एक नई अवधारणा को जन्म देता है।अब स्टेशन केवल यात्रा के प्रारंभ और अंत का स्थान नहीं रहेंगे,बल्कि वे शहर की परिवहन व्यवस्था के साथ एकीकृत होकर आधुनिक शहरी नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे।मल्टी- मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) की यह अवधारणा यात्रियों को बिना किसी व्यवधान के एक परिवहन माध्यम से दूसरे माध्यम में सहज रूप से स्थानांतरित होने की सुविधा प्रदान करेगी।इस योजना के तहत स्टेशन परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों का व्यापक विकास किया जा रहा है। बस,टैक्सी,निजी वाहन और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों को एक ही स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से जोड़ने का प्रयास,भारतीय शहरों की लंबे समय से चली आ रही परिवहन अव्यवस्था को दूर करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह केवल यात्रा को आसान नहीं बनाएगा, बल्कि समय की बचत,ईंधन की खपत में कमी और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।सुत्रो के अनुसार स्टेशन प्लाज़ा को जिस प्रकार से डिजाइन किया जा रहा है,वह आधुनिक शहरी सौंदर्य और कार्यकुशलता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहाँ के चौड़े और सुरक्षित फुटपाथ, सुव्यवस्थित पिकअप एवं ड्रॉप ऑफ जोन,पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, उन्नत संकेत प्रणाली,आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग और सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था - ये सभी सुविधाएँ मिलकर यात्रियों को एक सुरक्षित,सुविधाजनक और विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी। साथ ही,लैंडस्केपिंग और वृक्षारोपण के माध्यम से इन क्षेत्रों को हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास भी सराहनीय है। यदि हम इस परियोजना की प्रगति पर दृष्टि डालें,तो स्पष्ट होता है कि यह केवल कागजों तक सीमित योजना नहीं,बल्कि धरातल पर तेजी से आकार लेती हुई वास्तविकता है। सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर स्टील स्ट्रक्चर और रूफ शीटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है और अब फिनिशिंग कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।प्लेटफॉर्म और कॉन्कोर्स क्षेत्र में फ्लोरिंग,क्लैडिंग और अन्य आंतरिक कार्यों की प्रगति इस बात का संकेत देती है कि यह स्टेशन शीघ्र ही अपनी अंतिम रूपरेखा में दिखाई देगा। बिलिमोरा स्टेशन पर भी निर्माण कार्य उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रहा है।रेल और प्लेटफॉर्म स्तर की स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है और संरचनात्मक स्टील का कार्य भी समाप्त हो गया है।अब आर्किटेक्चरल फिनिशिंग और एमईपी कार्यों के माध्यम से इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।आणंद स्टेशन की प्रगति विशेष रूप से उल्लेखनीय है।यहाँ न केवल स्लैब कास्टिंग और रूफ संरचना का कार्य पूरा हो चुका है,बल्कि लिफ्ट और एस्केलेटर भी स्थापित किए जा चुके हैं। यह दर्शाता है कि यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस परियोजना को किस गंभीरता से क्रियान्वित किया जा रहा है।

वडोदरा,भरूच और वापी स्टेशनों पर भी निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।कहीं स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है,तो कहीं संरचनात्मक स्टील का कार्य जारी है। यह समग्र प्रगति इस बात का प्रमाण है कि देश की यह महत्वाकांक्षी परियोजना योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ रही है।इस पूरे प्रयास के पीछे केवल तेज गति से यात्रा कराने का उद्देश्य नहीं है, बल्कि एक ऐसे परिवहन तंत्र का निर्माण करना है जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप हो। जब विभिन्न परिवहन साधनों को एकीकृत किया जाता है,तो वह केवल सुविधा ही नहीं बढ़ाता, बल्कि शहरों के समग्र विकास को भी गति देता है।आज के इस युग मे जब महानगरों में ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और अव्यवस्थित परिवहन बड़ी चुनौतियाँ बन चुकी हैं,ऐसे में बुलेट ट्रेन परियोजना एक आशा की किरण के रूप में सामने आती है। यह न केवल यात्रियों को तेज और सुरक्षित यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी,बल्कि शहरी नियोजन के नए मानक भी स्थापित करेगी। संक्षेप में कह सकते है कि बुलेट ट्रेन परियोजना केवल एक परिवहन योजना नहीं,बल्कि आधुनिक भारत के सपनों का साकार रूप है। यह उस भारत की झलक प्रस्तुत करती है जो तेज,संगठित,पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और भविष्य के लिए तैयार है।आने वाले वर्षों में जब ये स्टेशन पूरी तरह से विकसित होकर कार्य करने लगेंगे,तब वे केवल यात्रा के केंद्र नहीं,बल्कि आधुनिक जीवन के प्रतीक बनकर उभरेंगे।बुलेट ट्रेन आधुनिक भारत के निर्माण को गति,शहरी विकास की नई दिशा देगी।

# पाक का काबुल पर हमला इंसानियत के लिये खतरा

**सौरभ वार्ष्णेय**

कहते है कि पवित्र रमजान का महीना आत्मसंयम, करुणा और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। ऐसे समय में काबुल पर हुआ कथित कायराना हमला न सिर्फ मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। जब दुनिया शांति और सह-अस्तित्व की बात कर रही हो, तब इस तरह की हिंसक घटनाएं सभ्यता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देती हैं। रमजान का सार ही यह है कि इंसान अपने भीतर झांककर बुराइयों से दूर रहे और समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा दे। लेकिन काबुल में हुआ हमला इस पवित्र भावना के ठीक विपरीत है। निर्दोष लोगों की जान लेना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न केवल एक देश की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है। यदि इस हमले में किसी भी देश या तत्व की संलिप्तता साबित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बिना किसी भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। आतंक और हिंसा के प्रति चयनात्मक' रवैया ही ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक मंचों पर एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निष्पक्ष नीति अपनाई जाए। दक्षिण एशिया पहले से ही अस्थिरता और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय शांति को और कमजोर करती हैं। यह समझना होगा कि युद्ध और हिंसा का रास्ता किसी समस्या का समाधान नहीं है। बातचीत, कूटनीति और आपसी विश्वास ही स्थायी शांति का आधार बन सकते हैं।आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम रमजान जैसे पवित्र अवसर पर भी इंसानियत का सम्मान नहीं कर सकते? काबुल की यह घटना हमें चेतावनी देती है कि अगर समय रहते हिंसा के इस चक्र को नहीं रोका गया, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह समय है जब दुनिया को एकजुट होकर यह संदेश देना चाहिए कि इंसानियत सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की हिंसा, चाहे वह किसी भी नाम पर हो, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। रमजान के इस पावन महीने में शांति, सहिष्णुता और मानवता के मूल्यों को पुनः स्थापित करना ही सच्ची श्रद्धा होगी। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब तीन देश आमने सामने खुलेआम मिसाइलों से हमले कर रहे हैं । इस युद्ध की वजह से पूर्ण विश्व महंगाई सहित अन्य चीजों से कराहा उठा है। कच्चे तेल ने खेल ही कर दिया। बात कर रहे हैं पाकिस्तान की जो कि अन्य देशों की तुलना में भुखमरी के कगार पर है ऐसे में वह काबुल पर असमय बमबारी कर रहा है मासूमों की जान ले रहा है। पूरा विश्व खामोशी के साथ यह सब देख रहा है। ज्ञात रहे कि पाकिस्तान को अपने आस्तीन में पालने वाले देश भी भलीभांति जान ले कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है सबसे पहले वही उस गड्ढे में गिरता है। ऐसा ही हाल उन देशों का हो रहा है जो अपने महान देश बनाने के चक्कर में शांति के लिये भी खतरा बनते जा रहे हैं।

ऐसे पाकिस्तान देश कितने दिनों के हैं। जब दूसरे पर बम फोड रहे हैं तो दूसरा देश बदला तो लेगा ही। कहने का आशय है कि जो देश गरीबी में जी हरा है। वह अपने को विकास करने की जगह अपने को आग की भट्टी में झोंक रहा है। भारत ने भी कड़े शब्दों में निंदा कर कहा है कि पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा किया गया यह घृणित आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक स्पष्ट हमला है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह व्यवहार और अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा पार हिंसा के बढ़ते हिंसक कृत्यों के माध्यम से छिपाने के बार-बार किए जाने वाले प्रयासों को दर्शाता है। यह हमला रमजान के पवित्र महीने के दौरान किया गया, जो दुनिया भर के मुस्लिम समुदायों के लिए शांति, चिंतन और दया का समय होता है, जो इसे और भी निंदनीय बनाता है।

# जल-गंगा संवर्धन अभियान का शंखनाद

## इटारसी सरोवर पर नपा अध्यक्ष ने श्रमदान कर की शुरुआत



**इटारसी।** मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल-गंगा संवर्धन अभियान' का वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर समूचे प्रदेश सहित इटारसी में भव्य शुभारंभ हुआ। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शहर के ऐतिहासिक इटारसी सरोवर (तालाब) परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर इस अभियान की नींव रखी गई।

**जन-भागीदारी से बनेगा जन आंदोलन:** अभियान की शुरुआत करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्वयं तालाब के घाट पर सफाई करके श्रमदान किया और जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हमने इटारसी सरोवर से इस पुनीत अभियान का श्रीगणेश किया है। किसी भी सरकारी अभियान की वास्तविक सफलता केवल जन-भागीदारी से ही संभव है। हमारा लक्ष्य जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना है और इसके लिए हम आने वाले दिनों में शहर के प्रबुद्ध सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जागरुक सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़ेंगे।

**तालाब परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान:** कार्यक्रम के दौरान तालाब परिसर की सघन सफाई की गई और जल स्त्रोतों को दूषित होने से बचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, स्वच्छता प्रभारी मयंक अरोड़ा, कमल हारिये, जगदीश पटेल सहित नगर पालिका का समस्त सफाई अमला और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**क्या है जल-गंगा संवर्धन अभियान :** राज्य शासन द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा।

**अभियान के मुख्य बिंदु:** प्रदेश भर में नगरीय निकायों के माध्यम से 112 जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार और 100 नालों के शोधन की कार्ययोजना तैयार करना। है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करना और उनका संवर्धन करना, माई भारत' पोर्टल के माध्यम से 5000 युवाओं को अमृत मित्र बनाकर इस जल संरक्षण अभियान से जोडना, अविरल निर्मल नर्मदा योजना के तहत व्यापक वृक्षारोपण और भूजल संवर्धन के कार्य करना इस अभियान का उद्देश्य है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और नालों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप, इस अभियान को एक जन-आंदोलन' का रूप दिया जा रहा है ताकि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को कम किया जा सके और पारंपरिक जल स्त्रोतों का अस्तित्व बचाया जा सके।

## श्रीराम जन्म महोत्सव: 63 वें वर्ष में ऐतिहासिक आयोजन का हुआ भव्य शुभारंभ

**समय जगत, इटारसी।** नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में 63वें वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव का आयोजन चैत्र नवरात्र प्रतिपदा अर्थात गुड़ी पड़वा पर भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन को ऐतिहासिक सफल बनाने हेतु व्यवस्थाओं को अंतिम स्वरूप दे दिया गया है। आयोजन अंतर्गत समिति द्वारा 1963 से प्रतिवर्ष श्री रामकथा का आयोजन एवं रामनवमी पर शोभायात्रा चल समारोह की परंपरा रही है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च गुरुवार से राम नवमी 27 मार्च शुक्रवार तक प्रतिदिन श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से नगर के श्रद्धालु श्रीराम कथा का श्रवणामृत ग्रहण करेंगे। समिति प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे के मार्गदर्शन में आयोजन को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंदिर परिसर को विशेष साज-सज्जा एवं विद्युत रोशनी से सजाया गया है। आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अभिषेक तिवारी ने आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम समीक्षा की। श्रीराम नवमी पर निकलने वाले चल समारोह में भव्य और दिव्य स्वरूप में अखाड़े, डंडा नृत्य, सांस्कृतिक झांकियों के साथ अपने तय मार्ग से निकलेगा, जिसके लिए भी तैयारियां अंतिम दौर में है। आयोजन समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों से प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से श्रीराम कथा श्रवण करने पधारने हेतु आग्रह किया है। कथा में प्रतिदिन शीतल पेय एवं खाद्य पदार्थ के साथ प्रसादी वितरण की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बोड़ा नगर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक यादव का जगह-जगह हुआ स्वागत



**समय जगत, बोड़ा।** नगर में कांग्रेस संगठन को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नवनियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार यादव (एडवोकेट) का कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनकी नियुक्ति के बाद बोड़ा नगर में विभिन्न स्थानों पर तिलक लगाकर, पुष्पमालाएं पहनाकर, साफा बांधकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक यादव एडवोकेट का साफा पहनाकर एवं फूल-मालाओं से स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में नगर में कांग्रेस संगठन और अधिक सक्रिय होगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन मंत्री राधेश्याम सोमतिया (पार्षद), मंडलम अध्यक्ष प्रदीप जैन, पूर्व पार्षद हीरालाल यादव, अखिलेश यादव, मुकेश सिसोदिया, संजय यादव, अब्दुल सलीम मंसूरी, मुकेश मालवीय, संजय राठौर, महेश विश्वकर्मा, दीपक भिलाला, नौशाद शाह, सोशल मीडिया प्रभारी देवेंद्र धनगर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे।

### हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर वैश्य समाज ने निकाली चेतना रैली



**समय जगत, हरदा।** हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर हरदा सहित कई स्थानों पर वैश्य समाज द्वारा भव्य भगवा वाहन चेतना रैली निकाली गई। यह रैली सामाजिक समरसता, हिंदुत्व की एकता और नववर्ष के उत्सव को उत्साहपूर्ण तरीके से मनाने के लिए आयोजित की गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। उक्त जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी राजीव जैन एवं जिलाध्यक्ष दीपक नेमा ने बताया कि वैश्य समाज हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा को वैश्य चेतना दिवस के रूप में मनाता है। इस दिन सभी तहसीलों में वाहन रैली निकालकर वैश्य एकता हेतु जन जागृति का कार्य किया जाता है। हरदा जिले की सभी तहसीलों में यह वाहन रैली निकाली गई। वैश्य चेतना रैली नगर के नार्मदीय धर्मशाला चौक से शुरू होकर यह शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जो परशुराम चौक पर समाप्त हुई। जिसमें बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग भगवा ध्वज के साथ शामिल हुए। वाहन रैली में वैश्य समाज के सदस्यों ने वैश्य एकता जिंदाबाद, भारत माता की जय जोरदार नारेबाजी की। वैश्य चेतना रैली में वैश्य समाज के केशव बंसल, आलोक गोयल, दीपक नेमा, सरगम जैन, राजीव जैन, अजय अग्रवाल, संजय पाटनी, संयम अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, अमित तोषनीवाल, विक्रांत अग्रवाल, शुभम बंसल, अभय अग्रवाल, रचित जैन, विशाल जैन आदि उपस्थित रहे।

## हरदा के क्रांतिकारी नेता जमना जैसानी को किया नमन, श्रद्धांजलि व सम्मान समारोह हुआ आयोजित



**समय जगत, हरदा।** जमना जैसानी फाउंडेशन के तत्वावधान में लोकतंत्र सेनानी, क्रांतिकारी नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व.जमना प्रसाद जैसानी की पुण्य स्मृति में जैसानी चौक पर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने मोमबत्ती जलाकर एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं जैसानी जी अमर रहें के नारों के साथ हुई। फाउंडेशन के सदस्य अनिल वैद्य ने कहा कि गत पंद्रह वर्षो से जमना जैसानी फाउंडेशन द्वारा निरंतर उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जो समाज के प्रति उनके योगदान को जीवंत बनाए हुए है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार महेश कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.श्रीरंग मजूमदार, प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल, नंदवाना समाज अध्यक्ष वीरेंद्र नंदवाना, पार्षद मनोज महलवार, आउट सोर्स जिला अध्यक्ष वीरेंद्र भाटी, समाजसेवी राजेंद्र भावसार, संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला एवं सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुनील तिवारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पत्रकार महेश कौशिक ने स्व.जैसानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी लेखनी से भी क्रांति का कार्य किया और वे अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी थे। डॉ.श्रीरंग मजूमदार ने कहा कि स्व.जैसानी सदैव गरीब एवं शोषित वर्ग की मदद के लिए तत्पर रहते थे और आज उनके पुत्र उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। डॉ.विशाल सिंह बघेल ने कहा कि क्रांतिकारी विचार किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं होते, बल्कि वह एक विचारधारा होती है जिसे आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। बचपन के मित्र भावसार ने बताया कि स्व.जैसानी बचपन से ही क्रांतिकारी विचारों के थे और वे भगत सिंह एवं स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से प्रेरित थे। जमना जैसानी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रतिभा राहुल संतोष यादव भीलट बाबा गणगौर मंडल, रोलगांव सरस बनके आज कोयल बोली सरस बनके गणगौर भजन गाया जो गणगौर का सबसे प्रसिद्ध गाना बन चुका है।

## भक्त हमेशा होते हैं भगवान का प्रिय : प्रेमनारायण जी

### भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**समय जगत, सुठालिया।** परमात्मा सबकी सुनते हैं, जब आप बोलोगे तभी ही आपकी सुनेंगे द्रोपदी ने भगवान कृष्ण को पुकारा तभी उन्होंने उसकी लाज बचाई। मनुष्य भले ही कितनी ही मन की कर ले लेकिन भगवान के सामने ही उसकी सुनवाई होगी। प्रेम बढ़ाने के लिए प्रभु से बात जरूर करें। उक्त उद्गार स्थानीय पीला खाल खेल मैदान पर चल रही संगीतमय भागवत कथा के चतुर्थ सोपान में कथा वाचक प्रेम नारायण जी गेहूं खेड़ी वालों ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संसार की माया के आगे भगवान की भी नहीं सुनाई देती ईश्वर सबके ह्दय में है। जो भगवान के खास हैं, वो भगवान के पास हैं। दास का दास अच्छा लगता है, जैसे जैसे उम्र बढ़ती है वैसे मोह की गठरी बढ़ती है। संसार मोह का दल दल है जितना इसमें से निकलने का प्रयास करोगे उतने ही धंसते जाते हैं, जो भगवान की भक्ति करेगा वो ही तरेगा, कर्मा बाई ने बात कर भगवान को खिचड़ा खिलाया। तनाव आ रहा है तो समझें भगवान की कृपा हो रही है। जीवन में तनाव आ रहा है तो यह भगवान की कृपा है कहीं भी कोई उलझन है तो समझ लेना कि भगवान की कृपा होने वाली है, इससे बिल्कुल दुखी होने की जरूरत नहीं है। संसार की चका चौंध में नहीं उलझें। संसार की चकाचौंध में मोहनी माया में रहकर मोहन को देखो। जैसे समुद्र मंथन में देवताओं को बाहर से मोहन दिखे अंदर से मोहिनी। संसार में माया मोह से बचे मोहन को भजे। उन्होंने कहा की संतो की वाणी में अमृत होता है। संत महात्मा भगवान के लाडले होते हैं, जो कहीं-कहीं अपनी मुठ्ठी खोल देते हैं। संसार में सबसे सरल यदि है तो मुक्ति है। संसार में कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। भगवान हमारे अंदर है लेकिन इंसान भटका रहा है, जो अपने पास है, उसे दूर ढूंढ रहे हैं। भगवन की कृपा आ गई तो सब कुछ मिलेगा। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। फूलों की होली खेली गई सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, बालचंद्र दांगी सहित बड़ी तादात में लोग मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाई महर्षि गौतम की जयंती

**समय जगत, हरदा।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य महर्षि गौतम ऋषि की जयंती इंदौर रोड़ स्थित गौतम आश्रम में बडे ही हर्षोल्लास से मनाई गई। महर्षि गौतम ऋषि के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, तदोपरांत समाजिक बंधुओं के द्वारा मंत्रोच्चार से विधि विधान से पूजन आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। सभी सामाजिक बंधुओं ने एक दूसरे को महर्षि गौतम ऋषि की जयंती एवं हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा की बधाई दी। इसके उपरांत सामाजिक बंधुओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान गत वर्ष से इस वर्ष की जो भी कार्यक्रम हुये उस पर नगर अध्यक्ष मनीष व्यास ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रफुल्ल व्यास ने किया आभार नरेंद्र शर्मा ने माना। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री रोहित तिवारी, राष्ट्रीय सचिव सुनील तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वैकुंठ शर्मा, पंडित विवेक मिश्र, नम्रता मिश्र, अशोक शर्मा, कैलाश व्यास, संतोष व्यास, कैलाश शर्मा, सुरेश व्यास, मुकेश शर्मा, जितेन्द्र व्यास, पंडित विमल तिवारी, पंडित शैलेन्द्र मंडलोई, सुमित व्यास, चेतन्य पंचारिया सहित समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

## दाउदी बोहरा समाज ने अदा की ईद उल फ़ित्र की विशेष नमाज

### देश में अमन -शांति - सद्भावना के लिए उठे दुआओं के हज़ारों हाथ



**बुरहानपुर।** दाऊदी बोहरा समाज ने गुरुवार को ईद उल फ़ित्र की विशेष नमाज अदा कर एक दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। दाऊदी बोहरा जमात PRO कमेटी के कोडिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने जानकारी देते हुए बातया की शहर आमिल शेख हैदर भाई ने स्थानीय नज़मी मस्जिद मे समाज जनों को ईद उल फ़ित्र की विशेष नमाज अदा कराई। 19 मार्च गुरुवार को सुबह स्थानीय नज़मी मस्जिद मे शहर आमिल शेख हैदर भाई जमाली ने बोहरा समाज जनों को ईद उल फ़ित्र के मौक़े पर विशेष खुतबा पढ़ कर अदा कराई जिसमें देश में अमन शांति सद्भावना की दुआएं की गई। नमाजियों के हज़ारों हाथ दुआ के लिए उठे। ईद के अवसर पर 53 वें धर्मगुरु डॉ.सैय्यदन मुफ़ादल सैफुदीन साहब की लंबी उम्र और सालमती की दुआएं की गई। साथ ही सैय्यदना साहब का रूहानी फैज़ सभी को मिलता रहे इसकी भी दुआएं की गई। PRO कमेटी के तफज्जुल हुसैन मुलायम वाला ने आगे जानकझारी देते हुए बातया कि ईद उल फ़ित्र के अवसर पर 53 वें धर्मगुरु सैय्यादन डॉ. मुफादल सैफुदीन बोहरा समाज की विभन्न मस्जिदों मे भी अलग अलग शहरों से रमजान माह के लिए मुकरर इमामों ने ईद की विशेष नमाज अदा करा कर देश में अमन सकून सद्भावना की सभी के लिए दुआएं कर ईद उल फ़ित्र की मुबारकबाद पेश की। ईद उल फ़ित्र के अवसर पर लोधीपुरा स्थित सुप्रसिद्ध धर्मिक स्थल दरगाह ए हकीमी प्रबंधक शेख सब्बीर भाई एवं उप प्रबंधक मुस्तुफा भाई उज्जैनी के मार्गदर्शन में ईद उल फ़ित्र पर हकीमी मस्जिद में नमाज अदा कर सभी को मुबारकबाद दी। वहीं मोहम्मदी मार्केज में श्री आमिल, डॉ. मुर्जुजा भाई ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई एवं समाज जनों को मुबारकबाद पेश की। ईद उल फ़ित्र के खास अवसर पर महिला-पुरुषों के साथ साथ बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। रंग बिरंगी पोशक पहनकर नन्हे मुन्ने बच्चों ने ईद की मिठास को ओर मीठा कर दिया बच्चों को शिर खुरमे के साथ साथ ईदी भी बड़े बुजुर्गो ने दी जिससे उनके चेहरे खिल उठे। ईद उल फ़ित्र के खास अवसर पर शहर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली, नायब शहर आमिल शेख युसूफ भाई जमाली, दरगाह ए हकीमी प्रबंधक शेख सब्बीर भाई साहब उप प्रबंधक शेख मुस्तुफा भाई उज्जैनी ने सभी शहरवासियों सहित देश वासियो को ईद की मुबारकबाद दी एवं सभी की खुशहाली और तरक्की की कामना की।

## बुरहानपुर जिले में कांग्रेस कमेटी ने किया जिला कार्यकारिणी का गठन

### प्रदेश नेतृत्व ने रिंकू टाक की नई टीम पर लगाई मुहर



**समय जगत, बुरहानपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार बुरहानपुर शहर की जिला कांग्रेस कार्यकारिणी गठित की गई है। नव नियुक्त मीडिया प्रभारी तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनियुक्त टीम कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहर) रिंकू टाक के नेतत्व में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेगी। बुरहानपुर शहर टीम के सभी नवनियुक्त साथियों को हार्दिक शुभकामनायें एवं वरिष्ठ नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे, राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया गया है।

### नवरात्रि के प्रथम दिन मां के दर पर दिखा आस्था का असर



**उचेहरा।** चैत्र नवरात्रों के प्रथम दिन से ही मंदिरों में सुबह से ही दर्शन करने वालों की भीड़ देखी गई, आस्था के साथ जय कारे लगाते भक्तों ने मां के दर्शन किये। नगर के वार्ड 8 में विराजी मां शीतला माता को जल चढ़ाने सुबह के समय अच्छी खासी भीड़ खासकर महिलाओं, बच्चों की रही। कुछ इसी तरह माँ खेर माई मन्दिर का नजारा रहा। नगर के सतना- मैहर मार्ग पर पडरहा धाम में मां सिद्धदात्री दुर्गा मन्दिर, प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। ज्ञात हो कि मां शारदा मन्दिर मैहर को इस मार्ग से पैदल जाने वाले दर्शनार्थी अक्सर अपनी थकान मिटाने इस मन्दिर में थोड़ा विश्राम कर आगे की यात्रा प्रारंभ कर देते हैं। काबिलेगौर है कि पैदल यात्री यहां की आवोहवा देख रुक जाते हैं बडे वाहनों को भी यहां रुकते देखा गया है। नगर के वार्ड 5 में माँ दुर्गा शक्ती दुर्गा मंदिर में भी नवरात्रि के दिनों में काफी भीड़ रहती है। नवरात्रिं के प्रथम दिन दोपहर के समय हुई हल्की बारिश की बूंदों से मिट्टी की आ रही सोंधी सुगन्ध से मन खुशनुमा हो गया।

### पशुपतिनाथ में अखंड रामधुन

बरुआ नदी के उस पार प्राचीन पशुपति नाथ मंदिर में इस वर्ष भी भक्तों ने पूरे नवरात्रि में श्रीराम जयराम जय जय राम का अखंड संकीर्तन का आयोजन करते सभी भक्त जनो से उक्त आयोजन में पहुचने का अनुरोध किया है। समापन उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाना है।

## विक्रमोत्सव में गूंजा विकास का मंत्र आस्था और संस्कृति का दिखा भव्य संगम



**धार।** नवसंवत्सर के पावन अवसर पर धार शहर में आस्था, संस्कृति और विकास का अद्भुत संगम देखने को मिला। विक्रमोत्सव के तहत महाराजा भोज पी.जी. कॉलेज सभागृह में आयोजित सूर्य उपासना कार्यक्रम ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा और राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और विधायक नीना वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। ब्रह्मध्वज स्थापना के साथ विधिवत शुरुआत हुई, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य मंचन ने दर्शकों को भारतीय गौरव की स्वर्णिम झलक दिखाई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समय सिर्फ उत्सव का नहीं, बल्कि संकल्प का भी है। उन्होंने 'विकसित भारत -2047' का जिक्र करते हुए स्पष्ट कहा कि जब तक हर जिला आगे नहीं बढ़ेगा, तब तक देश का सपना अधूरा रहेगा—और इसी कड़ी में 'विकसित धार' की भूमिका अहम है। उन्होंने जिले में शांति, सद्भाव और सामूहिक सहभागिता को विकास की सबसे बड़ी ताकत बताया और युवाओं, माताओं एवं बहनों से आगे आकर योगदान देने की अपील की। विधायक नीना वर्मा ने चैत्र नवरात्रि और नवसंवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें शक्ति, विश्वास और नई ऊर्जा से भर देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 'विकसित भारत' और 'विकसित मध्यप्रदेश' का सपना तभी साकार होगा, जब 'विकसित धार' का संकल्प हर नागरिक अपनाएगा। उन्होंने जनता से आव्हान किया कि विकास के इस महायज्ञ में हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए—तभी धार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों का सम्मान किया गया, वहीं बड़ी संख्या में मौजूद नागरिकों, महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

# जाम नदी तट पर गूंजा स्वच्छता का संदेश, पांढुरना में जल गंगा संवर्धन अभियान की शानदार शुरुआत

## प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के नेतृत्व में स्वच्छता एवं जल संरक्षण का सशक्त संदेश, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता

**पांढुरना(देवेन्द्र खुरसंगे)।** जिला पांढुरना में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ जिला मुख्यालय स्थित जाम नदी के गोटमार ब्रिज राम घाट से किया गया। यह अभियान न केवल नदियों और जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास है, बल्कि भूजल स्तर में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक सराहनीय कदम है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं नदी तट पर उतरकर श्रमदान किया और साफ सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आमजन को स्वच्छता और जल संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल ही जीवन का आधार है, और इसकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। यदि आज हम जल स्रोतों को सुरक्षित रखेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर जाम नदी एवं उसके आसपास के तटों पर व्यापक स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए नदी तट को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।



अभियान के दौरान उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने बताया कि जल स्त्रोतों का संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस प्रकार के सामूहिक प्रयास ही भविष्य में जल संकट को टालने में सहायक सिद्ध होंगे। जिला पांढुरना में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से नागरिकों को जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और स्वच्छता के प्रति निरंतर प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जनसहभागिता को बढ़ाते हुए इसे एक जनआंदोलन का स्वरूप देना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, नगर पालिका परिषद पांढुरना अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रकाश छ्गानी, एस.डी.एम. पांढुरना श्रीमती अल्का एक्का, तहसीलदार विनय ठाकुर आदि शामिल रहे।

# अंडर -13 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

## डीडीसीए की टीम की गई घोषित

**समय जगत, दतिया।** ग्वालियर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के मार्गदर्शन में दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आज 20 मार्च से स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड एवं भाण्डेर के भद्रावती खेल परिसर में अंडर -13 बालक वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ हो रही है। उक्त जानकारी दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन सचिव संतोष लिटौरिया ने बताया कि टूर्नामेंट की सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उक्त टूर्नामेंट में दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, एवं ग्वालियर की दो टीमें शामिल हो रही हैं। उक्त टूर्नामेंट के सभी मैच 40-40 ओवरों के खेले जाएंगे तथा फाइनल मैच 2 दिन का टेस्ट मैच होगा। श्री लिटोरिया ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक घनश्याम सिंह द्वारा 20 मार्च को सुबह 8.30 बजे किया जाएगा।

डीडीसीए सचिव संतोष लिटौरिया ने बताया कि चयन समिति के सदस्यों अनिल लिटौरिया, मानवेंद्र सिंह, आकाश श्रीवास्तव, शंकर साहू ने लगातार 15 दिन तक 25 चुने गए खिलाड़ियों के कैम्प में कड़े अभ्यास एवं अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के आधार पर 16 सदस्यीय टीम का चयन कर डीडीसीए के अध्यक्ष घनश्याम सिंह को प्रेषित कर दी जो कि निम्नानुसार है - दक्ष सक्सेना कप्तान, पर्व गुप्ता उपकप्तान, कार्तिक साध्या, शाश्वत भार्गव, कृष्णा बघेल, अनुभव कुरोसिया, उदय प्रताप सिंह, रघुराम श्रीवास्तव, गगन शर्मा, कृष्णा मुदगल, कार्तिक साहू, अविरल सोनी, राम दुबे, शिवास खरे, समर खान एवं हर्ष त्यागी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका अध्यक्ष ने नि :शुल्क दिखाई बच्चियों को केरल स्टोरी 2



**समय जगत, गंजबासौदा।** बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा स्थानीय मुस्कान टॉकीज में शहर की स्कूली छात्राओं और महिला मंडल की सदस्यों को फिल्म केरल स्टोरी 2 टॉकीज में दिखाई गई। जिसमें जागरुकता उनका मूल उद्देश्य रहा है। करीब 200 से अधिक स्कूली छात्राएं एवं अन्य छात्राओं को फिल्म दिखाकर उन्हें मार्गदर्शन किया। फिल्म केरल स्टोरी में कुछ खास बातें हैं और बेहद खूबसूरत तरीके से फिल्मांकन किया गया है। जिसमें धर्म और धर्म से बाहर शादी करने के बाद बच्चियां शोषणकारी साज़िश का शिकार हो जाती हैं। फिल्म की स्टोरी में खास बात यह है कि फिल्म में सही और गलत की पहचान और सतर्क रहने की सीख, शिक्षा और जन जागरूकता का महत्व परिवार और संस्कार की अहमियत को बखूबी फिल्माया गया है और बताया गया है कि बच्चे इन सारी चीजों से प्रेरित होकर कहीं गलत दिशा में ना चले जाएं। इस संदर्भ में नपा अध्यक्ष ने अपने ही खर्च पर यह फिल्म दिखाई है।

### राष्ट्रीय प्रजापति हितकारिणी महासभा द्वारा नव संवत्सर रंगोत्सव–पारिवारिक मिलन एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन होगा 22 को

**समय जगत ग्वालियर।** राष्ट्रीय प्रजापति हितकारिणी महासभा ( रजि.) के तत्वावधान में समाज की एकता, पारिवारिक सौहार्द एवं वैवाहिक परिचय को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नव संवत्सर रंगोत्सव–पारिवारिक मिलन एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम रविवार, 22 मार्च को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक रामबोला सभागार, मानस भवन, फूल बाग, ग्वालियर में आयोजित होगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कन्या पूजन समारोह तथा रंगों के संग रिश्तों का संगम रहेगा, जिसके माध्यम से समाज के परिवारों को एक मंच पर जोड़ने, पारिवारिक परिचय बढ़ाने तथा वैवाहिक संवाद को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। हितकारिणी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ख्यालेन्द्र प्रजापति ने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य का सहयोग ही संगठन की वास्तविक शक्ति है और सभी की सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन निश्चित रूप से सफल, भव्य एवं यादगार बनेगा।

### विक्रम महोत्सव कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम किया आयोजित



**समय जगत, टीकमगढ़।** शासन के आदेशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में प्रदेशव्यापी विक्रमोत्सव 2026 कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का टीकमगढ़ जिले में भी आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग एवं मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल तथा जिला प्रशासन के समन्वय से गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर विक्रम संवत 2083 के आरंभ के उपलक्ष्य में स्थानीय उत्सव भवन में सूर्य उपासना कार्यक्रम विक्रमोत्सव का आयोजन किया किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत स्वामी चौकी वाले बाबा विजय राघव सरकार, पीठाधीश्वर एवं केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल विश्व हिंदू परिषद, विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा तथा अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह ने मां सरस्वती का पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। तत्पश्चात ब्रह्मध्वज की स्थापना की गई, जो भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम में शासन के निर्देशानुसार भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं गौरवशाली इतिहास को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नाट्य मंचन के माध्यम से कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चित्रण की शानदार प्रस्तुति दी, जिसमें मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में नाट्य दल का संचालन पाहुना लोक जन समिति टीकमगढ़ के नाट्य दल निर्देशक संदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संत स्वामी चौकी वाले बाबा विजय राघव सरकार, विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अपर कलेक्टर मंडराह ने अपने उद्बोधन में सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन उपरांत सभी अतिथियों एवं अधिकारियों ने नजरबाग परिसर में पहुंचकर ध्वज पूजन किया तथा मंदिर के ऊपर ब्रह्मध्वज की स्थापना की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन वीरेन्द्र चंसोरिया एवं रणवीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि प्रजातंत्र गंगेले श्रीमती विभा श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम अग्रवाल, अंकित सिंह , एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लिटोरिया, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार तोमर, डीईओ एच.एस. चौहान, नोडल अधिकारी डीपीसी पी.आर. त्रिपाठी, जिला योजना अधिकारी सी.एल. अहिरवार, एडीपीसी सिद्धार्थ जैन, एपीसी शैलेष श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे।

### चैत्र नवरात्रि में सुगम यातायात के लिए चला विशेष अभियान

**समय जगत, दतिया।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर शहर में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए थाना यातायात पुलिस दतिया द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत यातायात थाना प्रभारी सपना शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख मंदिरों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया कार्रवाई के दौरान सड़कों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाले ठेले संचालकों एवं दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# छापी बांध घाट की साफ सफाई कर की गई अभियान की शुरुआत

**समय जगत , जीरापुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में जल स्त्रोतों के रखरखाव, साफ सफाई सौंदर्यीकरण व संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई है इस अभियान अंतर्गत 19 मार्च चैत्र नवरात्रि और नववर्ष के अवसर पर नगर परिषद जीरापुर द्वारा क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य एवं परिषद सदस्यों की उपस्थिति में छापी बांध घाट की साफ सफाई कर अभियान की शुरुआत की गई साथ आने वाले समय में नगर परिषद द्वारा वाटर बॉडी का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण, जीणोद्धार रूफ वाटर हार्वेस्टिंग एवं पेयजल स्त्रोत को जीवित करना और उनका संरक्षण आदि कार्य प्रमुखता से किए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक हजारीलाल दांगी एवं उदय सिंह चौहान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह उपाध्यक्ष हेमंत जोशी कमल जावा श्याम सुंदर टेलर दिनेश नागर आदि परिषद सदस्य एवम गणमान्य नागरिक मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, स्वच्छता पर्यवेक्षक आजाद झावा और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# हिंदू नव वर्ष पर कलेक्टर द्वारा सूर्यदेव को अर्घ्य देकर किया गया अभिनंदन





**समय जगत, दतिया।** परशुराम मंदिर करन सागर पर गुड़ी पाड़वा एवं हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा समाज के नागरिकों के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य देकर विधिवत पूजा-अर्चना कर नव वर्ष का अभिनंदन किया। कलेक्टर श्री वानखड़े ने समस्त नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी सौहार्द को सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही जिससे यह आयोजन जन-जन की आस्था और एकता का प्रतीक बन गया। प्रशासन द्वारा भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में प्रस्तावित दरों में हुआ संशोधन



**समय जग, ग्वालियर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित अचल संपत्तियों की गाइडलाइन को लेकर प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित कलेक्टर गाइडलाइन पर आमजन एवं क्रेडाई एवं विभिन्न विभागों की 30 आपत्तियों पर निर्णय लिया गया। साथ ही सभी की सहमति से दरों पर निर्णय लिया गया। समिति द्वारा अनुमोदित इन संशोधनों के पश्चात अंतिम प्रस्ताव शीघ्र ही केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड, भोपाल को भेजा जाएगा बैठक में निर्णय लिया गया है कि ग्राम डोंगरपुर में प्रस्तावित गाइडलाइन दर 45,000 को घटाकर 42,000 रुपये किया गया। जबकि ग्राम खुरेरी में प्रस्तावित 15,000 की जगह 13,000 रुपये की दर तय की गई। इसी प्रकार ग्राम नैनागढ़ ओरिया पार्क और रिवेरा ग्रीन दोनों की दर 35,000 रुपये की गई है। बैठक में वरिष्ठ जिला पंजीयकअशोक शर्मा, अपर आयुक्त नगर निगम प्रदीप सिंह तोमर, टीएंडसीपी से के.के. कुशवाहा सहित हाउसिंग बोर्ड और उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गफ्फार की बढ़ीं मुश्किलें, करोड़ों की गड़बड़ी के आरोपों में दूसरा नोटिस किया गया जारी

**टीकमगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल ने उनके खिलाफ चल रही जांच में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर दूसरा नोटिस जारी किया है। विभाग ने जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए उन्हें 15 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले 26 फरवरी को विभाग द्वारा उन्हें पद से हटाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय अब्दुल गफ्फार ने अपने जवाब में जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध न होने की बात कही थी। इसी के बाद अब विभाग ने विस्तृत जांच प्रतिवेदन और संबंधित दस्तावेजों के साथ पुनः नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई नगरीय विकास एवं आवास विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. तोषण कुमार बढ़िए द्वारा की गई है। विभाग के अनुसार जांच समिति की रिपोर्ट में नौ गंभीर बिंदु सामने आए हैं, जिनसे नगर पालिका को करोड़ों रुपये की वित्तीय क्षति पहुंचने का अनुमान है।



**जांच में सामने आए प्रमुख आरोप:** जांच रिपोर्ट में मां कर्माबाई मार्केट की दुकानों के आवंटन में अनियमितता पाई गई है। इसके अलावा ऑनलाइन प्रक्रिया के स्थान पर ऑफलाइन निविदाएं आमंत्रित करने और शासन द्वारा भर्ती पर रोक के बावजूद 15 से अधिक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियम विरुद्ध नियुक्ति करने के आरोप भी लगाए गए हैं। पुरानी टेहरी क्षेत्र में तालाब के डूब क्षेत्र में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण भी गंभीर अनियमितता के रूप में चिन्हित किया गया है। वहीं एलईडी लाइट, फिटकरी और पाइपलाइन विस्तार के लिए सामग्री की खरीदी बाजार दर से अधिक कीमतों पर किए जाने की बात भी रिपोर्ट में उजागर हुई है। सबसे अहम खुलासा ठेकों के आवंटन को लेकर हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार 66 में से 58 ठेके केवल दो फर्मों–मेसर्स तनु इंटरप्राइजेज और मेसर्स महाकाल इंडस्ट्रीज–को दिए गए।



# सूर्य देवता को अर्घ देकर मनाया गया भारतीय नव संवत्सर

**समय जगत, दतिया।** प्रकृति के नवसिंगर के साथ चैत्र नवरात्र के प्रारंभ का दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि के निर्माण का दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 2083 का उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ देकर भारतीय वैदिक रीति रिवाज मंत्रोच्चार के साथ मनाया गया। संस्कार भारती दतिया द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय नव संवत्सर जानकी दुलारे गांगोटिया हनुमान मंदिर सीता सागर पर प्रात : 5 बजे दतिया के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक केदार सिंह गुर्जर एवं अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष योगेश सक्सैना ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ सरस्वती वंदना विनोद एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत की गई। अतिथि देवो भव की परंपरागत निर्वाहन करते हुए संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष संजय भट्ट, राजीव शुक्ला, ऋषि राज मिश्रा द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में दतिया के कलाकारों द्वारा सर्वप्रथम सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ तत्पश्चात संस्कार भारती के सदस्यों द्वारा संस्कार भारती का ध्येय गीत – साध्याति संस्कार भारती भारते नवजीवन प्रस्तुत किया गया। बद्री प्रसाद सेन ने बधाई गीत, माधव पुरोहित ,भानु श्रीवास्तव सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि श्री गुर्जर ने कहा कि सूर्योदय से पूर्व जागना एवं संध्या काल में दीपक जलाना ही सूर्य की सही उपासना है। अगर व्यक्ति चाहता है कि उसकी संतान संस्कार बान हो एवं तेजस्वी बने तो उसे सर्वप्रथम सूर्य की उपासना करना चाहिए एवं सूर्योदय के पूर्व जागना अति आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन राजेश लिटोरिया एवं आभार कपिल तांबे ने किया।

# सिद्ध संतों की तपोभूमि नौलखी आश्रम में दिखा भक्ति का अनूठा दृश्य, जल यात्रा से हुआ दिव्य अनुष्ठानों का शुभारंभ

**समय जगत, गंजबासौदा।** वेत्रवती (बेतवा) के पावन तट पर स्थित सिद्ध संतों की तपोभूमि नौलखी आश्रम में नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ अवसर पर बुधवार को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा के अद्भुत संगम के बीच महाप्रभु जगन्नाथ एवं भगवान सीताराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय पाठोत्सव के उपलक्ष्य में नव दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए। गुरुवार को धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ जल यात्रा और भक्तमाल की पूजन और देवताओं के आवाहन के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्री रुद्राभिषेक से प्रारंभ हुआ।

मालूम हो कि वेत्रवती नदी के पावन तट पर स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी एवं भगवान सीताराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा का द्वितीय पाटोत्सव धूमधाम और भव्यता के साथ गुरूवार से प्रारंभ हो गया है जो कि 27 मार्च तक आयोजित किया गया है। बुधवार को बेतवा नदी से जल भरकर निकली भव्य जल यात्रा ने वातावरण को पूर्णतः धर्ममय और भक्तिमय बना दिया। वेत्रवती के पवित्र जल को कलशों में भरकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवताओं का आवाहन किया गया। श्रद्धालुओं के जयकारों, शंखध्वनि और मंत्रों की गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात मां बेत्रवती का विधि-विधान से पूजन किया गया तथा प्राचीन भैरव बाबा एवं सिद्ध बाबा का पूजन कर उनके चरणों में नमन किया गया। भक्तमाल ग्रंथ को सिर पर रखकर आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री सीताराम जी एवं भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर एवं मंडप की परिक्रमा कर भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। महाराजश्री के सान्निध्य में सभी अनुष्ठान अत्यंत श्रद्धा एवं विधि-विधान से संपन्न हुए। पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिवाभिषेक में यजमान के रूप में नागेंद्र उपाध्याय एवं ममता उपाध्याय, पं. मुन्नालाल दुबे, राजेश्वरी दुबे, भानु सिंह एवं नीतू ठाकुर (विशनपुर) ने भक्ति भाव से पूजन-अर्चन कर धर्म लाभ प्राप्त किया। प्रथम दिवस पर आचार्य पं. धर्मेंद्र भार्गव, पं. राहुल शर्मा एवं पंडित अजय द्वारा शिव अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस अवसर पर 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण के साथ सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान का शुभारंभ पूरे भक्ति भाव और दिव्यता के साथ हुआ तथा उनके पूजन एवं अभिषेक से पूरा आश्रम हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आचार्य पंडित केशव शास्त्री के मुखारविंद से देवी महिमा का अत्यंत ओजस्वी एवं भावपूर्ण वर्णन हुआ। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि शक्ति जागरण, आत्मशुद्धि और भक्ति का महापर्व है। नवदुर्गा के नौ स्वरूप जीवन में साहस, करुणा, ज्ञान और दिव्य ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कन्या पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि कन्याएं साक्षात मां भगवती का जीवंत स्वरूप हैं। जिस समाज में बेटियों का सम्मान होता है, वही समाज उन्नति और समृद्धि की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने आव्हान किया कि बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाएं और नारी को शक्ति स्वरूप मानकर उसका आदर करें, यही सच्ची देवी आराधना है। आचार्य शास्त्री के हृदयस्पर्शी वचनों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कई भक्तों की आंखें नम हो गई और पूरा आश्रम परिसर जय माता दी एवं हर हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा।



# विधायक ने हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि की बधाई देते हुए 6 पंचायतों को दिए मिनी फायर टैंकर

## सरपंच अपनी अपनी पंचायतों में मिनी फायर टैंकर हमेशा रखें तैयार: विधायक श्री वर्मा



**समय जगत, सिवनी मालवा।** हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों को 6 मिनी फायर टैंकरों को क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने भेंट किए। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने अपने निवास बघवाड़ा में हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्री की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की 6 ग्राम पंचायतों भिलाड़िया खुर्द, पीपलठोन, बुडारा कलां, बोरतलाई, उमरिया, बेरखेड़ी के सरपंच, सचिवों को मिनी फायर टैंकर भेंट किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये संयोग ही है कि आज ही चैत्र नवरात्र प्रारंभ हुई हैं और सनातनियों का नववर्ष भी। अभी क्षेत्र में गेहूं की कटाई हो रही, कुछ जगह दुर्भाग्यपूर्ण आगजनी की दुर्घटनाओं से किसान भाइयों की खेत में खड़ी गेहूं की फसल का नुकसान हुआ है। इसलिए इन टैंकरों में हमने फायर फाइटर पम्प भी लगावाकर आपको दे रहे हैं। जो लगभग 69-70 फिट तक पानी तेज गति से पहुंचा देता है। विधायक श्री वर्मा ने कहा कि मेरा क्षेत्र के सभी सरपंचों से आग्रह है कि इस समय पानी के टैंकरों को हमेशा तैयार कर रखें। जिससे उसका आपातकाल में पंचायत के लोग, किसान उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने देखा हैं क्षेत्र के कई नर्मदा तटो पर पक्के घाट नहीं हैं, माता-बहनों के वस्त्र बदलने के कक्ष नहीं हैं। ये कार्य मैं प्रमुखता से करवाऊंगा। आने वाले समय में अपने क्षेत्र के सरपंचों के साथ बैठकर आवश्यक व्यवस्थाओं को भी हम पूरा करेंगे। विकास के लिए हम कदम से कदम मिलाकर एक साथ काम करेंगे। इस दौरान विधायक ने 2 छात्राओं पलक, और योगिता को प्रदेश स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने पर प्रोत्साहन राशी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को भाजपा नेता संदेश पुरोहित, संतोष पारिख ने भी संबोधित किया।

**विधायक ने गौशालाओं में 5-5 ट्राली भूसे का भुगतान देने की बात कही:** इस समय क्षेत्र में रबी फसल गेहूं, चने की कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, इसके बाद किसान गर्मी की मूंग की बोवनी की तैयारी में जुट जाएगा। जिसके चलते कुछ किसान गेहूं कटने के बाद अपने खेतों की नरवाई में आग लगा देते हैं। जिससे गौवंश के चारे के लाले पड़ जाते हैं और गौवंश यहां वहां आवारा फिरते फिरते दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। तो कई लोग क्षेत्र की गौशालाओं में गौवंश को छोड़ देते हैं लेकिन उनके खाने का कोई बन्दोबस्त नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में गौवंश भूखे मरते हैं। इसी समस्या को हल करने के लिए भाजपा नेता सन्तोष पारिख ने किसानों ने आग्रह किया कि हर किसान मिलकर अपनी अपनी पंचायतों के पास की गौशालाओं में 1-2 ट्राली भूसा दान करें। इस दौरान विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि क्षेत्र की गौशालाओं के संचालक सरपंच अपनी गौशाला में 5-5 ट्राली भूसा हमारी ओर से बनवा लें। जिसका भुगतान हम कर देंगे। कार्यक्रम में वीरेन्द्र मिश्रा, योगेंद्र राजपूत, रघुवीर राजपूत, योगेंद्र सिंह, आशुतोष तिवारी, शैलेंद्र दीक्षित, सरपंच सुनील गौर, ज्योति संतोष गौर, पूजा पंचारिया, नेहा राजपूत, अखिलेश सौलंकी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल रहे।

# वन समिति अध्यक्षों को मोहरा बनाकर काष्ठ लाभांश राशि में गड़बड़झाला

## मशीनों से कराया गया काम, नहीं दिया जा रहा हिसाब



**समय जगत, मण्डला।** वन विभाग द्वारा काष्ठ लाभांश की राशि से कराये गये कार्यो की पोल खुलना शुरू हो गई है वन विभाग के अधीनस्थ जिले में अनेकों वन समितियों का गठन किया गया है जिसमें सदस्य एवं अध्यक्ष स्थानीय व्यक्ति नियुक्त किये जाते हैं और समिति सचिव विभागीय व्यक्ति को बनाया जाता है। जिसके पास वित्तीय अधिकार रहता है। इन समितियों को प्राप्त काष्ठ लाभांश की राशि से ग्राम विकास, वानकीय कार्य एवं अन्य निर्माण कार्य कराये गये हैं, जिसमें बेहद गड़बड़ी होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। ऐसे ही एक मामले की शिकायत पूर्व सामान्य वन परिक्षेत्र अंजनिया की वन समिति टिकराटोला बीट



साजपानी के सदस्यों द्वारा कलेक्टर समेत अन्य विभागीय अधिकारियों को करते हुए आरोप लगाया गया है कि विगत अक्टूबर में बेरटोला स्कूल के पास से कोंडानाला तक बनाई गई 2 किलोमीटर की ग्रेवल सड़क जिसमें सिर्फ 4-5 दिन तक ही मजदूरों से काम कराया गया और पूरा काम मशीनों से कराया गया है और मजदूरों को दो सौ रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया गया है । निर्माण अधूरा है लेकिन राशि ग्यारह लाख रूपये निकाल ली गई है, इसी तरह वर्ष 2023-24 में कोंडानाला से रामसिंह यादव के घर तक ग्रेवल सड़क गुणवत्ताविहीन बनाई गई है, जो पानी में बह गई है। साथ ही वर्ष 2022-23 में स्कूल से सुक्खू भारतीया के घर तक बनाई गई ग्रेवल सड़क भी गुणवत्ताविहीन है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि विभाग के अफसरों द्वारा समिति सदस्यों को कैशबुक, पासबुक प्रमाणक लेखा-जोखा एवं आय-व्यय का हिसाब नहीं बताया जा रहा है। समिति की बैठक का आयोजन भी नहीं किया जाता है समिति सदस्यों द्वारा हिसाब पूछे जाने पर अभद्रता की जाती है।

पीड़ित सदस्यों द्वारा यह आरोप भी लगाया गया है कि वन्यप्राणियों से पशुहानि प्रकरण में पशु मालिकों को मुआवजा राशि दिलाने के एवज में लेनदेन की मांग की जाती है। सूत्रों की मानें तो यह रवैया सिर्फ एक समिति का नहीं है। पूरे जिले में काष्ठ लाभांश की राशि में गड़बड़झाला किये जाने की चर्चा है। पीड़ितों द्वारा जांच की मांग करते दोषियों पर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता अभियान की हुई शुरुआत

**समय जगत खिरकिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान'' वर्ष 2026 के अंतर्गत सर्व समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों के माध्यम से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण भूजल संवर्धन जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व सुधार-नवीनीकरण, जल संग्रहण संरचनाओं के स्कूलों आंगनवाड़ियों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग औद्योगिक इकाईयों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल स्त्रोतों तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल संग्रहण संरचनाओं और मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण कर अभियान का संचालन किया जाना हे जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का आयोजन दिनांक 19 मार्च से 30 जून तक किया जाना है। अभियान अन्तर्गत आगामी कार्ययोजना अनुसार जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार, सुधार, साफ सफाई आदि कार्य कराया जाना है। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र शर्मा द्वारा नगर वासियों से अपील की गयी हैं कि जल को व्यर्थ न बहावें एवं आस पास क्षेत्र में स्थित जल स्त्रोतों को साफ एवं स्वच्छ रखें। रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित कर वर्षा का संग्रहित करें जिससे नगर में वाटर लेवल बढ़ेगा।

साथ ही नगर को जल संकट से बचाने हेतु अथक प्रयास करें। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा पार्षद फूलवती उईके, पंडित मनोज शर्मा महेन्द्रसिंह खनुजा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरकिया महेन्द्र शर्मा, उपयंत्री विष्णुप्रसाद यादव, उपयंत्री सिद्धार्थ सोनी नरेश बाओनिया सुनिल राजपूत नितिन शुक्ला सहित व अन्य नागरिकगण कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

# भारतीय अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है विक्रम संवतः प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल





**समय जगत, उज्जैन।** विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत जिलास्तरीय 'कोटि सूर्योपासना' कार्यक्रम गुरुवार को रामघाट पर प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया। रामघाट पर जिला स्तरीय कोटि सूर्योपासना पूजन संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिससे सामूहिक आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल एवं नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव,कलेक्टर रौशन कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि विक्रम संवत मात्र एक कैलेंडर नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। इसकी स्थापना 57 ईसा पूर्व महान सम्राट विक्रमादित्य द्वारा की गई थी, जिन्होंने विदेशी शक्तियों को परास्त कर भारत के गौरव को पुनः स्थापित किया। उनका शासनकाल भारतीय इतिहास का स्वर्णिम युग माना जाता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, विशेष रूप से उज्जैन (प्राचीन उज्जयिनी), सम्राट विक्रमादित्य की कर्मभूमि रही है और आज भी यह विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों में गिना जाता है।

प्रभारी मंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में संस्कृति, विरासत और विकास के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सतत कार्य कर रही है। किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्ग के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे समाज के सभी वर्गो का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विक्रम की गाथा केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत है और उनका नेतृत्व आज भी राष्ट्र निर्माण में मार्गदर्शक बना हुआ है। विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत गुरुवार प्रातः मां शिप्रा के पावन तट पर 'कोटि सूर्योपासना' कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और वैदिक परंपरा के साथ भव्य रूप से आयोजित किया गया।

# खिरकिया के विकास को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष का बड़ा कदम

- हरदा में सीएम के दौरे से पहले नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा ने सौंपा का ज्ञापन
- पूर्व मंत्री किसान नेता कमल पटेल के माध्यम से सीएम तक पहुंचेंगी 10 अहम मांगें, होगा विकास

**समय जगत खिरकिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित हरदा दौरे से पहले खिरकिया नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा ने क्षेत्र के विकास को लेकर सक्रिय पहल करते हुए एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा है। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत कौर महेंद्रसिंह खनुजा का ज्ञापन पूर्व कृषि मंत्री एवं किसान नेता कमल पटेल के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञापन में खिरकिया के समग्र विकास के लिए 10 प्रमुख मांगों को प्राथमिकता के साथ रखा गया है। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा ने पूर्व में भी इन मुद्दों को उठाया गया था लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं मिल पाया, ऐसे में मुख्यमंत्री के आगमन को अवसर मानते हुए पुनः मांगों को प्रमुखता से रखा गया है। नगर परिषद ने बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड निर्माण, खिलाड़ियों के लिए खेल स्टेडियम हेतु भूमि आवंटन, सामुदायिक अस्पताल को सिविल अस्पताल





का दर्जा देने तथा लंबे समय से लंबित आईटीआई भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृति की मांग की है। वहीं नगर में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए नया फायर फाइटर उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई गई है। वर्तमान में उपलब्ध फायर ब्रिगेड वाहन जर्जर स्थिति में हैं, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस उपलब्ध कराने, पिछले दो वर्षों से लंबित विशेष निधि जारी करने तथा मुख्य मार्गों के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाने हेतु 1 करोड़ रुपये की मांग भी प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खिरकिया में ही सब रजिस्ट्रार कार्यालय खोलने की मांग रखी गई है, ताकि लोगों को रजिस्ट्री कार्य के लिए हरदा न जाना पड़े। साथ ही छीपावड़ स्थित अटल सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए भी 1 करोड़ रुपये की मांग की गई है। नगर परिषद अध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन जनहितकारी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेंगे, जिससे खिरकिया के विकास को नई गति मिलेगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग, कमल पटेल एवं कलेक्टर हरदा को भी प्रेषित की गई है।

# सब्जी विक्रेताओं की लापरवाही से नगरवासी परेशान, लगा जाता है मवेशियों का जमावड़ा



**समय जगत, राजगढ़।** शहर के मेन मार्केट में गंदगी की वजह से आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण लोगों का सड़कों पर चलना खतरों से खाली नहीं रहता। आए दिन इन आवारा मवेशियों की लड़ाई से कई लोग घायल भी हो चुके हैं, जिस पर नगर पालिका के जिम्मेदारों को तुरंत ध्यान देना चाहिए लेकिन यह सब जानते हुए भी जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर के बीच लगने वाले सब्जी बाजार का जहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सब्जी विक्रेता अपनी दुकानें लगाते हैं, इन सब्जी विक्रेताओं की लापरवाही के कारण रोजाना शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इसका मुख्य कारण है कि सब्जी विक्रेता जो कि रोजाना शाम को जाते समय बची हुई सड़ी गली सब्जियों को सड़कों पर ही फेंक देते हैं। जिसकी वजह से आवारा मवेशियों का जमावड़ा सड़कों पर ही लगा रहता है। वहीं रात के समय जब नगर के नागरिक घूमने निकलते हे तो सड़कों पर आवारा मवेशियों की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो सड़कों पर इन आवारा मवेशियों की लड़ाई में कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं, यह इस तरह का कोई एक दिन का मामला नहीं यह रोजाना का मामला है। जहां सब्जी विक्रेताओं की इस लापरवाही के कारण नगर के नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं सोचने वाली बात है कि सब्जी विक्रेताओं की इस बड़ी लापरवाही को लेकर नगरीय प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न करना समझ से परे है।

जबकि नगरवासियों की समस्याओं को देखते हुए नगरीय प्रशासन को ऐसे लापरवाह सब्जी विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए, जो सड़कों पर गंदगी फैलाते हैं और उनकी लापरवाही के कारण नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब देखना होगा कि उक्त मामले को लेकर क्या नगरीय प्रशासन के जिम्मेदार कोई उचित कार्यवाही करेंगे या फिर सब्जी विक्रेताओं की लापरवाही के कारण आवारा मवेशियों का आतंक इसी तरह चलता रहेगा।

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने कलश यात्रा निकाल कर मनाया गौतम ऋषि का जन्मोत्सव

## वरिष्ठ समाजसेवियों एवं प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान



**समय जगत, सारंगपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज नगर इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को बालाजी गार्डन मे अपने आराध्य देव भगवान गौतम ऋ षि का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। सभी समाज जनों एवं महिलाओं ने मिलकर विधि विधान के साथ भगवान गौतम ऋषि का पूजन कर महा आरती की । समाज की ओर से भगवान गौतम ऋषि का विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर पूजा अर्चना कर समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी एवं समाज जनों की ओर से समाज के वरिष्ठ पंडित सत्यनारायण शर्मा, डॉ के के शर्मा, बी एल शर्मा, भगवत शरण व्यास सुरेश शर्मा सहित अन्य वयोवृद्ध समाज जनों शाल श्रीफल से एवं प्रतिभावान बच्चों का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। वहीं बालाजी मैरिज गार्डन के प्रबंधक एवं वरिष्ठ समाजसेवी रमेश चंद्र वर्मा का सम्मान भी किया गया। साथ ही समाज की बुजुर्ग महिलाओं का भी महिला मंडल की ओर से सम्मान किया गया एवं समाज के वरिष्ठ पंडित चंद्र मोहन व्यास का जन्मदिन भी समाज जनों द्वारा मनाया गया । कार्यक्रम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया। आभार समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने माना। इस दौरान समाज की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए पुनः आशीष त्रिपाठी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

## सूर्य भगवान को नेवज मैया नदी के जल से दिया अर्घ्य, नेवज मैया की भव्य महाआरती के साथ की गई आतिशबाजी

# सूर्यदेव को अर्घ्य देकर किया नववर्ष 2083 का भव्य स्वागत



**राजगढ़।** राजगढ़ नगर की जीवनदायनी नेवज नदी के छोटे पुल के तट पर नववर्ष आयोजन समिति और नेवज समग्र विकास समिति के द्वारा पिछले 16 वर्षों की तर्ज पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व विधायक, प्रताप मंडलोई, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी और भाजपा नेता श्रीमती मोना सुस्तानी की उपस्थिति में नववर्ष विक्रम संवत 2083 और युगाब्द 5128 के प्रथम दिन गुडीपड़ंवा पर प्रातः ठीक 6 बजकर 21 मिनिट पर सूर्य भगवान की पहली किरण का विधि विधान से पूजन अर्चना के पश्चात स्वागत नेवज मैया नदी के जल से सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर किया गया, साथ ही सूर्य भगवान और नेवज मैया की भव्य महाआरती पटाखे, डोल, झालर, झांझ मंजीरे और शंख की हर्षध्वनि के साथ करके नववर्ष का सनातनी पारम्परिक तरीके से स्वागत किया, साथ ही सभी को नवरात्रि पर्व और महर्षि गौतम ऋषि महाराज के जन्मदिवस की शुभकामनाए दी, इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार पिछले 16 वर्षों से नेवज समग्र विकास समिति और नववर्ष आयोजन समिति द्वारा लगातार किया जा रहा है और हर वर्ष यह उत्तरोत्तर गरिमामय और भव्य होकर राजगढ़ के समाज का हिस्सा बनता जा रहा है, साथ ही श्री शर्मा ने नववर्ष, नवरात्रि, महर्षि गौतम जयंती की सभी उपस्थितो को बधाई देते हुए यश, कीर्ति, दिर्घायु, स्वस्थ, निरोगी रहने की उपस्थित नागरिकों को शुभकामनाएं दी, और पर्यावरण और नेवज को शुद्ध रखने के साथ ही सभी को संकल्प दिलाया, पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी और भाजपा नेता श्रीमती मोना सुस्तानी ने भी संबोधित करते हुए बोला कि नगर की इस सुंदर परम्परा की शुरुआत करने के लिए नेवज समग्र विकास समिति और नववर्ष आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए लगातार सनातनी परम्पराओं के लिए जागरूक होने के लिए राजगढ़ नगर के नागरिकों से अपील की। सभी उपस्थितजनों को समिति के सदस्यों ने मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया और आरती के उपरांत सभी को नीम की कोपल, मिश्री और काली मिर्च से बनी गोलियां के रूप प्रसाद वितरण किया गया, इस गरिमामय कार्यक्रम में नेवज समग्र विकास समिति और नववर्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा, , महेश सेन, के एन गुप्ता, मनीष जोशी, ओमप्रकाश विजयवर्गीय, सुश्री मधु दीदी, शाहिद प्रहरी, भगवान सिंह राणावत,पुरुषोत्तम शर्मा त्रिपाठी, आरसी शर्मा, आरके शर्मा,नरेंद्र चौरसिया आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com

# पेयजल व्यवस्था पर महापौर सख्त, समीक्षा बैठक के साथ किया जल संयंत्रों का निरीक्षण

## गर्मी को देखते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर, अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

**समय जगत, कटनी ।** ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा एमआईसी सदस्य एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जल व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व महापौर द्वारा शहर के बैराज एवं जल शोधन संयंत्रों का निरीक्षण भी कर जल संग्रहण, जल उपलब्धता, फिल्ट्रेशन एवं शुद्धिकरण व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अमकुही स्थित 20 एमएलडी एवं सुरम्य पार्क के समीप स्थित 9 एमएलडी जल शोधन संयंत्रों की कार्यप्रणाली ,फिल्टर यूनिट्स, ब्लीचिंग डोजिंग सिस्टम, एयर कंप्रेसर मशीन एवं जल शुद्धिकरण की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि



किस प्रकार कच्चे पानी को विभिन्न चरणों से गुजारकर शुद्ध एवं पेय योग्य बनाया जाता है। महापौर ने संयंत्रों में संधारित स्टॉक रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि सभी आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, जिससे जल शुद्धिकरण प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित होती रहे। इस दौरान एमआईसी सदस्य उमेंद्र अहिरवार, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर बढ़ी सक्रियता, सभी पहलुओं की हुई समीक्षा:** महापौर श्रीमती सूरी ने जल व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेते हुए बैराज की वर्तमान स्थिति, टैंकर एवं ट्रैक्टर के माध्यम से जल आपूर्ति, ट्यूबवेल की स्थिति, वार्डों में पानी सप्लाई का समय, टंकियों की स्थिति, निगम सीमांतर्गत लगाए जा रहे प्याऊ, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन, पानी की गुणवत्ता हेतु जांच, खदानों में जल उपलब्धता तथा नए कनेक्शनों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। इसके साथ ही अमृत योजना-2 के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों व वार्डों में जल व्यवस्था से संबंधित कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में बढ़ती जल मांग को देखते हुए पूर्व से ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग, रख-रखाव एवं तकनीकी निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, फिल्टर प्लांट्स की समय-समय पर सफाई, मशीनों के सुचारु संचालन एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए।

## वरिष्ठ अधिकारियों से हुई मामले की शिकायत

# साढ़े तीन करोड़ रुपये में किया गया नजूल की जमीन का अवैध विक्रय

**समय जगत, कटनी।** मदन मोहन चौबे वार्ड के अंतर्गत बरगवां में बेशकीमती शासकीय नजूल भूमि के अवैध विक्रय का मामला सामने आया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पैट्रिक रॉबर्ट डन एवं एम आर डन ने धोखाधाड़ी करते हुए 2368 वर्गफुट भवन की टैक्स रसीद का दुरुपयोग करते हुए 21 हजार वर्गफुट शासकीय नजूल भूमि को 3 करोड़ 56 लाख रुपये में विभिन्न व्यक्तियों को विक्रय कर दिया। मामले की शिकायत मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी, एसपी अभिनय विश्वकर्मा एवं तहसीलदार से करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। अल्फर्टगंज सुभाष वार्ड निवासी अजय माली ने जनसुनवाई में पैट्रिक डन द्वारा बरगवां स्थित बेशकीमती शासकीय नजूल भूमि के अवैध विक्रय, अतिक्रमण, धोखाधड़ी एवं आपराधिक षड़यंत्र के को लेकर कार्यवाही की मांग करते हुये दस्तावेजों सहित शिकायत प्रस्तुत की है। शिकायतकर्ता के अनुसार मदन मोहन चौबे वार्ड के अंतर्गत बरगवां, पटवारी हल्का नंबर 42 वर्तमान 39 राजस्व निरीक्षक मंडल मुड़वारा 1 तहसील कटनी में स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा क्रमांक 140, 141 एवं 143/1 जिसका रकबा क्रमशः 0.032 हेटेयर 0.109 हेक्टेयर एवं 0.167 हेक्टेयर कुल रकवा 0.3080 हेक्टेयर है, जो राज्य सरकार की बहुमूल्य संपत्ति है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त भूमि के अंश भाग 2368 वर्गफुट पर निर्मित भवन नगर निगम अभिलेख में भवन क्रमांक 599 से 599/10 नया भवन क्रमांक 950 के रूप में दर्ज रहा है, जिसमें एम आर डन पुत्र स्वर्गीय टी सी डन का नाम भवन स्वामी के रूप में दर्ज रहा है । शिकायतकर्ता के अनुसार एम आर डन ने उक्त भूमि को स्वयं के उपयोग के लिए दर्शाकर नगर निगम से 24 जनवरी 2019 को भवन निर्माण अनुज्ञा (मानचित्र) की स्वीकृति प्राप्त की, जिसमें कहा गया है कि यह भवन केवल स्वयं के उपयोग के लिए होगा तथा उसका विक्रय नहीं होगा। इन शर्तों का उल्लंघन करते हुए पैट्रिक रॉबर्ट डन एवं एम आर डन ने कपटपूर्ण आशय से 2368 वर्गफुट भवन की टैस रसीद का दुरुपयोग करते हुए लगभग 21 हजार वर्गफुट बेशकीमती शासकीय नजूल भूमि को 3 करोड़ 56 लाख रुपये में विभिन्न व्यक्तियों के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्रों के माध्यम से अवैध रूप से विक्रय कर दिया। शिकायतकर्ता अजय माली के अनुसार पैट्रिक रॉबर्ट डन एवं एम आर डन द्वारा हरीश कुमार बजाज, श्रीमती भारती देवी बजाज, विजय बहलानी, लक्ष्मीचंद बहलानी, किशोर बहलानी, मुकेश बहलानी, संजय बजाज, प्रकाश तनवानी, हीरालाल जसोडा, विनोद गजरानी, यश संगतानी, विजय गजरानी, प्रवीण जैन, श्रीमती शालिनी जैन एवं विदित जैन के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किये गये, जिनके माध्यम से शासकीय भूमि का अवैध हस्तांतरण कर करोड़ों रुपये का अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया गया तथा राज्य सरकार को वित्तीय क्षति पहुंचाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### चैत्र नवरात्र प्रारंभ : नगर के मंदिरों में दिखी आस्था की रंगत, मची धूम



**समय जगत, दमोह ।** चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही हटा नगर के प्रमुख मंदिरों में भक्तिमय वातावरण बन गया है । श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही नवरात्रि पर्व की धूम शुरू हो गई है । नगर के सबसे प्रसिद्ध चंडी जी मंदिर को आकर्षक सजावट और भव्य लाइटिंग से सजाया गया है, जहां नवरात्र भर विशेष पूजन, सायंकालीन आरती, प्रतिदिन देवी का श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा । नवरात्र के प्रथम दिवस देवी द्वारों पर विधिविधान से घट स्थापना की गई । वहीं मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ के लिए पंडितों की टोलियां बैठेंगी जो पूरे नौ दिनों तक पाठ एवं अनुष्ठान संपन्न कराएंगी । वहीं शीतला माता मंदिर में नवरात्र के पहले दिन से ही महिलाओं द्वारा जल ख्ढ़ाने के लिए सुबह से लंबी कतारें लगी नजर आई । इसके अलावा कलेही माता मंदिर, मां पीतांबरा मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ एवं संतोषी माता मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी । मंदिरों में साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं । नवरात्र के दौरान नगर पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आएगा जहां हर ओर देवी भजनों और आरती की गूंज सुनाई देगी ।

### पठारी में प्रस्फुटन समितियों को दिया गया क्षमतावर्धन प्रशिक्षण



**समय जगत, विदिशा ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था ग्राम मथुरापुर शानवी मानव उत्थान सेवा समिति एवं जिला सवन्वयक पूजा श्रीवास्तव, ब्लॉक सवन्वयक आशीष जैन, मेंटर्स संदेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में पठारी सेक्टर में में उल्लेखनीय कार्य लगातार किये जा रहे हैं । उसी क्रम में 17 मार्च को ग्राम पंचयात भवन पठारी में प्रस्फुटन समितियों का गुणवत्ता पूर्ण एवं क्षमतावर्धन प्रक्षिशण दिया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच, विधायक प्रतिनिधि, समाजसेवी इंजी. अखिलेश पंथी, विशेष अथिति शिक्षक होशियार सिंह यादव उपस्थित रहे । आयोजक संस्था प्रमुख्य जीवन सिंह ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया कि यह कार्यक्रम ग्राम स्तर पर कार्यरत प्रस्फुटन समितियों का कार्य क्षमतावर्धन प्रशिक्षण हैं जिससे वे ग्राम स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण, प्रभावशाली कार्य कर सकें, शासन प्रशासन का सहयोग, स्थानीय जन समस्याओं का स्थानीय स्थान पर समाधान कर सके । इसके साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जैविक खेती, औषधीय खेती, पर्यावरण मित्र बनने की भी बात बताई ।

## नव वर्ष के साथ चैत्र नवरात्रि हुई प्रारंभ

# चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का डोली पर सवार होकर आगमन और हाथी पर होगा प्रस्थान

**समय जगत, विदिशा।** इस वर्ष शक्ति की साधना का पर्व चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च रामनवमीं तक चलेगा । इन नौ दिनों में नगर के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना होगी एवं धर्म में श्रद्धावान भक्त अपने घरों में अखंड ज्योति जलाकर जवारे बोकर घट स्थापना के साथ श्री दुर्गा सप्तशती का निष्काम भाव से पाठ करेंगे। चैत्र नवरात्रि का पर्व सभी प्रकार की साधना उपासना व सिद्धियों की प्राप्ति के लिए होता है। इस समय मंत्र जाप श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ दुर्गा कवच दुर्गा चालीसा देव्य अथर्वशीर्ष सिद्ध कुंजिका स्त्रोत रात्रि सूक्त श्री सूक्त आदि करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। इस दौरान नवरात्रि को लेकर माता मंदिरों को विशेष विद्युत सज्जा के साथ सजाया गया है और नव वर्ष को लेकर लोगों द्वारा तैयारी की गई है। नव



वर्ष के अवसर पर लोग एक दूसरे को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं और गुड़ और नीम खिलाकर नए वर्ष का शुभारंभ करते हैं।

धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि इस बार नवरात्रि की शुरुआत तीन खास शुभ योगों में हो रही है इसमें शुक्ल योग ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग उत्तराभाद्र नक्षत्र शामिल हैं। ज्योतिष के अनुसार के तीन योग शुभ कार्यों के लिए अति महत्वपूर्ण माने जाते हैं, इन योगो में मां भगवती दुर्गा का पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अमावस्या युक्त प्रीतिपदा तिथि का भी शुभ संयोग रहेगा परंतु प्रतिपदा तिथि का क्षय होगा। अमावस्या युक्त प्रतिपदा तिथि रहेगी, मां दुर्गा का आगमन डोली पर होता है तो आर्थिक मंदी बीमारियों या प्राकृतिक आपदाओं के संकेत के रूप में देखा जाता है। वहीं 27 मार्च को माता का हाथी पर प्रस्थान करना बेहद शुभ माना जाता है, जो कृषि और सुखहाली में वृद्धि लाता है। देवी भागवत पुराण के अनुसार गुरुवार को नवरात्रि शुरू होने पर माता का डोली अर्थात पालकी पर आगमन होता है जिस आर्थिक मंदी प्राकृतिक आपदाओं के एवं बीमारियों के संकेत के रूप में देखा जाता है यदि माता का हाथी पर प्रस्थान करना बेहद शुभ माना जाता है जो कृषि और खुशहाली में वृद्धि लाता है

**इन योगों का रहेगा संयोगः** नवरात्रि की शुरुआत तीन खास शुभ युगों में हुई है इसमें शुक्ल योग ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग शामिल हैं, तीनों योग शुभ कार्यों के लिए विशेष शुभ माने जा रहे हैं। उत्तराभाद्र पर नक्षत्र का संयोग भी बन रहा है। नवरात्रि के अंतिम दिन माता के नौ रूपों की आराधना पूरी होगी और भक्तजन व्रत पूर्ण कर देवी का पूजन करेंगे। इसके बाद 27 मार्च को पारणा किया जाएगा । मंदिर में भजन कीर्तन कन्या पूजन और भंडारे आयोजित किए जाएंगे।

# गरीब आदिवासी विधवा को चार वर्ष से नहीं मिल रही पेंशन की राशि

## खाद्यान्न के लिये भी होना पड़ रहा है परेशान, अधिकारी दें ध्यान

**समय जगत, पन्ना।** सरकार द्वारा गरीब, बुजुर्ग, विधवा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं । लेकिन उक्त योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है तथा बुढ़ापे का सहारा वृद्धा पेंशन एवं खाद्यान्न न मिलने से दर दर भटकना पड़ रहा है। इसी प्रकार



का मामला अजयगढ़ नगर परिषद का सामने आया है। वार्ड क्रमांक 1 में रहने वाली 81 वर्षीय वृद्ध बेवा महिला रज्जी बाई कोंदर पति बैजू कोंदर नगर परिषद अजयगढ़ वार्ड क्रमांक एक की निवासी है, जिसे विगत पांच वर्ष 2021 से ना तो पेंशन मिल रही है और ना ही खाद्यान्न मिल रहा है। उक्त बुजुर्ग महिला पन्ना नगर में सड़क पर जिला चिकित्सालय के सामने मिली, उसने सारी दास्तां बताई तथा कहा कि 5 वर्ष से खाद्यान्न एवं पेंशन नहीं मिल रही है। नगर पंचायत एसडीएम कार्यालय तहसील कार्यालय में भी आवेदन दिया लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ। उसने कहा कि सेल्समैन कहता है कि तुम्हारा अंगूठा नहीं लग रहा है इसलिए तुम्हें खाद्यान्न तथा पेंशन नहीं मिलेगी। सरकार तथा प्रशासन को इस प्रकार के गरीब बुजुर्ग लोगों के लिए विकल्प के तौर पर रास्ता ढूंढना चाहिए तथा ऐसे समय में उनकी मदद होना चाहिए क्योंकि वृद्धा पेंशन एवं खाद्यान्न के असली हकदार यही गरीब एवं वृद्ध लोग हैं। जबकि शासन की योजनाओं का लाभ पूंजी पति तथा बड़े लोग उठा रहे हैं।

# ब्राह्मण समाज का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना नगर के स्थानीय श्री राम जानकी मंदिर पन्ना में विगत दिवस अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने अपनी उपस्थिति दी। होली मिलन कार्यक्रम पूरे जिले भर में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात बुंदेली फाग का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों के द्वारा बढ़-चढ़ करके हिस्सा लिया गया एवं एक दूसरों को गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम संपन्न किया गया । कार्यक्रम पश्चात पंडित विनोद मिश्रा प्रमोद पाठक श्रीराम रिछारिया एस के समेले,



राजकुमार मिश्रा, बृजेंद्र गर्ग, पंडित दिनेश पाठक आदि द्वारा होली मिलन समारोह के संबंध में विचार व्यक्त किये गये। बैठक में आगामी माह में दिनांक 20 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव मनाए जाने के संबंध में भी संक्षेप में चर्चा की गई। श्री राम गोपाल तिवारी जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (स)द्वारा अस्वस्थता के चलते श्री राम रिछारिया (कार्यवाहक अध्यक्ष) को अप्रैल माह में भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव मनाने के संबंध में संपूर्ण उत्तरदायित्व दिए गए। होली मिलन कार्यक्रम में वक्ताओं के अतिरिक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, महेंद्र तिवारी, संतोष तिवारी, भागवत नायक, गोकुल पटेरिया दिनेश गोस्वामी, अशोक पांडे, विनोद पांडे , श्रीमती आस्था तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूलों से नौ गैस सिलेंडर हुए चोरी

**समय जगत, कटनी ।** बड़वारा थाना क्षेत्र में चोरों ने सरकारी स्कूलों को निशाना बनाते हुए मध्यान्ह भोजन में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। इन घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। माध्यमिक शाला भजिया में चोरों ने रात के अंधेरे में ताला तोड़कर 4 भरे सिलेंडर पार कर दिए। इसी दौरान भजिया कन्या शाला से भी 1 सिलेंडर चोरी हुआ।

# महामाई मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, लक्ष्मीकांत शर्मा की यादें आज भी जीवंत

**समय जगत, सिरोंज।** महामाई मंदिर परिसर इन दिनों भक्ति और संस्कृति के अनूठे संगम का केंद्र बना हुआ है। मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम चारों ओर फैली हुई है और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस आयोजन को दिव्यता और भव्यता प्रदान कर रही है। इस मेले को भव्य और दिव्य स्वरूप देने वाले महामाई के परम भक्त एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की यादें आज भी यहां की हर गतिविधि में जीवंत नजर आती हैं। बीते दिन आयोजित व्यवस्था बैठक में मेले की तैयारियों पर चर्चा के साथ ही सभी वक्ताओं ने भाव-विभोर होकर उन्हें याद किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि लक्ष्मीकांत जी का समर्पण और महामाई के प्रति उनकी अटूट आस्था आज भी हमारे बीच किसी न किसी रूप में महसूस होती है। गत दिवस दीक्षा भारती और जितेन्द्र यादव ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मन मोहा और उनकी जमकर




सराहना हुई। बुधवार की रात का मुख्य आकर्षण बनीं प्रसिद्ध लोक गायिका कविता शर्मा, जिन्होंने अपने मधुर और भावपूर्ण बुंदेली गीतों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनकी आवाज में ऐसी मिठास और लोक संस्कृति की झलक थी कि हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कविता शर्मा ने पारंपरिक बुंदेली गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी, जिसने श्रोताओं को क्षेत्रीय संस्कृति और आस्था से जोड़ दिया। उनके हर गीत पर श्रद्धालु झूम उठे और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंजता रहा। उनकी प्रस्तुति मेले के प्रमुख आकर्षणों में से एक रही। नवसंवत्सर एवं वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर आज प्रातःकाल भगवान सूर्य को अर्घ्यदान एवं पूजन किया जाएगा। साथ ही महामाई मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नालिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी दुर्गा शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। जिसमें समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं और महायज्ञ में सहभागी बनें।

## एलबीएस कालेज के छात्रों का विशेष रासेयो शिविर हुआ संपन्न

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डिजिटल साक्षरता नशा मुक्ति अभियान एवं साफ-सफाई का दिया संदेश

**समय जगत, सिरोंज।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का दिनांक 11 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हो गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर महेश चंद्र परमार ने बताया कि रासेयो स्वयं सेवकों ने 7 दिन तक ग्राम भटौली तहसील सिरोंज में शासन की विविध योजनाओं प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों को जागरुक किया। शिविरार्थियों ने शिविर के नियमों का पालन करते हुए प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली। उसके पश्चात योग व्यायाम किया। प्रोजेक्ट कार्य के अंतर्गत नालियों की साफ सफाई,मंदिर परिसर को पानी से साफ किया। हैंडपंप के आसपास पानी निकासी की व्यवस्था की।



स्कूल प्रांगण में लगे पौधों में पानी दिया। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित दीवारों पर नारे लेखन का कार्य किया। स्वयंसेवकों ने भटोली में स्थित शासकीय नर्सरी का भ्रमण किया । वहां पर स्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वयं सेवकों को नर्सरी में विभिन्न प्रजाति के पौधों के बारे में विस्तार से समझाया और खाद देने के बारे में एवं गुटी लगाकर किस प्रकार से अच्छी क्वालिटी के विभिन्न प्रकार के पौधे तैयार किए जाते हैं इसके बारे में विस्तृत चर्चा की । बौद्धिक सत्र में विभिन्न विषयों पर अतिथियों एवं स्वयं सेवकों ने खुलकर अपने विचार रखे। शिविर के सुचारू संचालन में प्रोफेसर कल्पेश चौधरी स्वयंसेवकों में संजीव जाटव, भोला कुशवाहा, विकास, अभिषेक, निखिल, मनोज, छोटू ,आंचल, रिश्ता एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर का समापन शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज के प्राचार्य डॉक्टर मणिमोहन मेहता के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ नरेंद्र कुमार प्राचार्य शासकीय एसजीएस महाविद्यालय गंजबासौदा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# रानी दमयंती मंडल के दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाभियान का हुआ समापन

**समय जगत, दमोह।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित रानी दमयंती मंडल दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत समापन हुआ। यह आवासीय प्रशिक्षण वर्ग था, जिसमें मंडल के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रीति राजू सिंह रही। वर्ग के प्रथम चरण में विषय प्रवर्तक भाजपा उपाध्यक्ष रूपेश सेन एवं अध्यक्षता विद्यासागर पांडे ने की एवं द्वितीय सत्र विषय प्रवर्तक मनीष सोनी एवं अध्यक्षता गौरव रंजीता पटेल रही। वहीं तीसरे सत्र में विषय प्रवर्तक के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय सेन रहे एवं अध्यक्षता आलोक गोस्वामी ने की। चौथे सत्र में विषय प्रवर्तक के रूप में जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र



परिहार रहे एवं अध्यक्षता भगवानदास चौधरी ने की । पांचवें सत्र में विषय प्रवर्तन जिला महामंत्री महेश पटेल द्वारा किया गया एवं अध्यक्षता सीताराम राठौर ने की । छठवां सत्र जिले के महामंत्री अरुण तिवारी द्वारा लिया गया एवं अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी रवि अम्लानी द्वारा की गई। दूसरे दिवस अंतिम सत्र में विषय प्रवर्तक के रूप में जिला उपाध्यक्ष अमित गोलू बजाज द्वारा विषय लिया गया एवं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी मौजूद रही। सभी प्रवर्तकों ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आव्हान किया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान विभिन्न सत्रों में पार्टी के इतिहास, संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया की भूमिका और चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञ वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को व्यावहारिक जानकारी देते हुए उन्हें जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

# मिशन शक्ति के तहत सीओ कुलपहाड़ ने मातृशक्ति को किया जागरूक




**समय जगत, महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड द्वारा पीताम्बरा गेस्ट हाउस, कुलपहाड़ में एचडीएफसी बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मातृशक्तियों को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

क्षेत्राधिकारी द्वारा ÷मिशन शक्ति÷ अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) आदि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का तुरंत उपयोग किया जा सकता है।

इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार की उत्पीड़न की घटना होने पर निडर होकर पुलिस को सूचना देने तथा समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं अन्य अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने अपने प्रश्न रखे, जिनका क्षेत्राधिकारी द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। महिलाओं ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए पुलिस एवं बैंक प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बैंक प्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड की बदलती तस्वीर, एक्सप्रेसवे के किनारे सजेगा सपनों का शहर



**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में बुंदेलखंड अब अपनी पुरानी पहचान बदलकर %विकास के इंजन% के रूप में उभर रहा है। इसी कड़ी में बांदा जनपद के सदर तहसील क्षेत्र के महोखर और जमालपुर गांवों की किस्मत चमकने वाली है। योगी सरकार ने इन क्षेत्रों को बुंदेलखंड औद्योगिक कॉरिडोर के केंद्र बिंदु के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित इन गांवों में लगभग 576 हेक्टेयर भूमि पर भव्य औद्योगिक पार्क और कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। यूपीडा के माध्यम से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2026 तक इस कॉरिडोर की आधारभूत संरचना को धरातल पर उतार दिया जाए।

**स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार का उपहार*** इस मेगा प्रोजेक्ट के शुरू होने से बांदा और आसपास के जिलों के हजारों युवाओं को अपने ही घर में रोजगार के अवसर मिलेंगे। अब उन्हें काम की तलाश में महानगरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। सरकार यहां लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और डिफेंस कॉरिडोर से जुड़ी इकाइयां स्थापित करने के लिए बड़े निवेशकों को आमंत्रित कर रही है।

**किसानों को मिला सम्मान और उचित मुआवजा*** योगी सरकार की %सबका साथ, सबका विकास% नीति के तहत महोखर गांव के 125 और जमालपुर के 270 किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। 576 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है और ग्रामीणों को बाजार दर के अनुरूप उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार ने 138 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है जिसके सापेक्ष 100 करोड रुपए जारी किए जा चुके हैं। वहीं अधिग्रहित की जाने वाली 576 हेक्टेयर भूमि में शेष 21.2275 हेक्टेयर भूमि की अधिग्रहण की कार्रवाई प्रचलन में है।

**बांदा बनेगा प्रदेश का नया मॉडल सिटी*** बुंदेलखंड औद्योगिक कॉरिडोर के विकसित होते ही बांदा जिला प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों की सूची में शामिल हो जाएगा। बेहतर सड़कों, बिजली की निर्बाध आपूर्ति और आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ महोखर और जमालपुर इलाके आने वाले समय में %मिनी नोएडा% के रूप में पहचाने जाएंगे।

# श्रीनगर पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में पति को किया गिरफ्तार

**महोबा।** जनपद के थाना श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भण्डरा में दिनांक 16 मार्च 2026 को पति-पत्नी के मध्य हुए विवाद में महिला की मृत्यु के प्रकरण में थाना श्रीनगर पर परिजनों की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 36/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम राम सिंह पुत्र रामस्वरूप लोधी निवासी ग्राम भण्डरा मजरा लोधी खोड़ा थाना श्रीनगर जनपद महोबा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जनपदीय पुलिस के उच्चधिकारीगण द्वारा मय फील्ड यूनिट टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था तथा पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में वांछित/फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त राम सिंह को आज ग्राम भण्डरा-मवई तिगैला के पास स्थित खेल मैदान के निकट से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### परिक्रमा मार्ग पर चित्रकूट पुलिस ने 4 क्विंटल केला श्रद्धालुओं को किया वितरित




**समय जगत, चित्रकूट।** दिनांक 19 मार्च को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देश के अनुपालन एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक भरतकूप उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं उ0नि0 श्याम देव सिंह द्वारा चैत्र मास अमावस्या मेला व नवरात्रि के पावन अवसर पर मेला में आए श्रद्धालुओं को 04 कुंतल केला वितरण किया गया पुलिस का यह कर सराहनी कार्य धार्मिक संस्कृति श्रद्धालुओं पर आस्था प्रदर्शित करती है।

### पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में 44.617 किग्रा मादक पदार्थ का विनष्टीकरण इंसीनरेटर मशीन से किया नष्ट, कीमत 11 लाख से है अधिक



**समय जगत, महोबा।** मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों/निर्देशों के अनुपालन में आज पुलिस लाइन महोबा में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह (अध्यक्ष) की उपस्थिति में जनपद महोबा के विभिन्न थानों में कुल 15 पंजीकृत मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थों के मालों का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान कुल 44.617 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपये से अधिक है, को विधिवत प्रक्रिया के अंतर्गत तौल कर इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से नष्ट किया गया। यह कार्य मादक पदार्थ विनष्टीकरण हेतु गठित जनपद स्तरीय कमेटी की निगरानी में संपन्न कराया गया। उक्त विनष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, अभियोजन अधिकारी के.पी.सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यवाही को पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु नियमानुसार वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराते हुए संपन्न कराया गया। जनपद पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी है तथा इस प्रकार की कार्रवाईयों के माध्यम से समाज में नशे के विरुद्ध सख्त संदेश दिया जा रहा है।

### डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलेपमेण्ट कमेटी की बैठक में डीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**समय जगत, महोबा।** सहकारिता विभाग में गठित डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलेपमेण्ट कमेटी (डी.सी.डी.सी.) की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी, जिसमें मुख्य रूप से सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग एवं दुग्ध विभाग में संचालित योजनायें एवं नयी समितियां के गठन के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी, सहकारिता विभाग में 05 नयी पैक्स समितियों का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना है, जिसमें से 03 नयी समितियों का गठन हो चुका है। सहकारिता विभाग में 03 समिति का गठन, मत्स्य विभाग में 04 समितियों का गठन एवं दुग्ध विभाग में भी 12 नयी समितियों का गठन कराया गया है। इसके उपरान्त हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0 महोबा की डी0एल0आई0एम0सी0 की बैठक भी सम्पन्न हुयी, जिसमें पैक्स समितियों के कम्प्यूटराईजेशन की प्रगति के बारे में सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अवगत कराया गया। अन्त में उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, महोबा की 02 शाखाओं के कम्प्यूटराईजेशन में हार्डवेयर इंस्टॉलेशन से सम्बन्धित प्रगति को डी0एल0आई0एम0सी0 कमेटी से अनुमोदन प्राप्त किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता संयोजक, जिला कृषि अधिकारी, समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, एवं सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्कार और चरित्र से ही संभव है जीवन का कल्याण : डॉ. अनुराग शास्त्री

## उमानगर कॉलोनी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन उमड़ा जनसैलाब



**समय जगत, धौलपुर।** शहर के चोपड़ा मंदिर के पीछे स्थित उमानगर कॉलोनी प्रांगण में आयोजित की जा रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के मुख्य वक्ता, मुरैना वाले सुप्रसिद्ध डॉ. अनुराग शास्त्री महाराज ने भगवान के विभिन्न अवतारों और प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा के दौरान महाराज जी ने कर्दम ऋषि और कपिल महाराज के प्रसंग को विस्तार से सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सांख्य शास्त्र के प्रणेता भगवान कपिल ने अपनी माता देवहूति को ज्ञान का उपदेश देकर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया था। डॉ अनुराग शास्त्री महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि संस्कारों का हो रहा है ह्रास वर्तमान सामाजिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. शास्त्री ने कहा÷हमारा देश सदैव से संस्कारों की भूमि रहा है। यहाँ सती सावित्री, माता सीता और अहिल्याबाई जैसी महान देवियाँ हुई हैं, जिन्होंने नारी शक्ति और चरित्र की मिसाल पेश की। लेकिन आज के समय में संस्कारों और चरित्र का ह्रास हो रहा है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

महाराज जी ने प्रवचन के अंत में भक्तों को संदेश देते हुए कहा कि यदि इंसान अपनी बुद्धि संसार और माया में लगाएगा, तो वह हमेशा दुखों के जाल में फंसा रहेगा। इसके विपरीत, जो अपनी बुद्धि भगवान और संतों के चरणों में लगाता है, उसे ही इस संसार से मोक्ष मिलता है। उन्होंने आह्वान किया कि यदि मानव जन्म मिला है, तो हमें निरंतर भगवान का भजन और अच्छे कर्म करने चाहिए।

कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। डॉ अनुराग शास्त्री महाराज ने कहा कि 1 से 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन होती है और रात्रि को रासलीला होती है। अंत में आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

## प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



**समय जगत, महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज जनपद पर कम्युनिटी गार्डन में व समस्त विकास खण्ड स्तर पर कृषि व सम्बद्ध विभाग द्वारा विगत 09 वर्षों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कृषकों के योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के विषय में अवगत कराया गया। आज के कार्यक्रम में पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता व कृषि विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभाग के विभिन्न योजनाओं व उनसे किस प्रकार का लाभ प्राप्त किया जा सकता है, के बारे में अवगत कराया गया कि कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के स्टॉल लगाकार कृषकों को जागरूक किया गया, कार्यक्रमों में उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मत्स्य अधिकारी, सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता एवं भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। अन्त में जिला कृषि अधिकारी, महोबा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# हंस आजीविका परियोजना चित्रकूट के कार्यकर्ताओं का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न



**समय जगत, चित्रकूट।** जैविक ग्राम, अतर्रा में परियोजना कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को जैविक खेती, गाय आधारित कृषि प्रणाली एवं आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ गौमाता के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जय नारायण जी ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर प्रतिभागियों में उत्साह का संचार किया तथा तकनीकी सत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। श्री श्रीवास्तव ने जैविक ग्राम की परिकल्पना एवं रासायनिक मुक्त खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने केंचुआ खाद, मल्चिंग पद्धति, खेत तालाब एवं विभिन्न कृषि तकनीकों का अवलोकन किया। साथ ही भरतकूप, रामसैया एवं शिवरामपुर स्थित लाइना बाबा मंदिर के दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभव भी प्राप्त किया। कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया तथा भविष्य में ऐसे आयोजन बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में हंस आजीविका परियोजना की ब्लॉक समन्वयक आसाराम, मुकेश तिवारी एवं विषय विशेषज्ञ सतनाम श्रीकांत सरोज के साथ फील्ड समन्वयक परमानंद दुर्गेश कुमार एवं 20 सीआरपी उपस्थित रहे।

# सचिव रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण



**समय जगत, धौलपुर।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कुल 9 विधि से संघर्षरत 1 देखरेख एवं संरक्षण, 2 शिशु उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम सचिव ने भवन की स्थिति, आधारभूत सुविधाओं, रख-रखाव व्यवस्था तथा साफ-सफाई की समुचित समीक्षा की। सचिव ने संबंधित अधीक्षक को निर्देशित किया कि परिसर की स्वच्छता नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए तथा भवन का आवश्यक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए साथ ही सचिव ने बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंध, चिकित्सा सुविधा, परामर्श सेवाएं, शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों आदि सुविधाओं का जायजा लिया निरीक्षण दौरान विधि से संघर्षरत बच्चों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई साथ ही उनके प्रकरणों एवं पढाई के बारे में भी जानकारी ली तथा सचिव ने सभी बच्चों को अनुशासित जीवन जीने, गलत आदतों से दूर रहने तथा शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया एवं बच्चों को समझाया कि वर्तमान परिस्थितियाँ उनके भविष्य का निर्धारण नहीं करतीं, बल्कि उनका परिश्रम, सकारात्मक सोच और सही मार्गदर्शन ही उन्हें सफल बनाता है सचिव ने बच्चों को नशे, असामाजिक गतिविधियों एवं अनुचित संगति से दूर रहने की सलाह दी तथा जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही शिशु गृह का भी निरीक्षण किया गया एवं शिशु गृह में स्थित दो शिशु थे जिनके बारे में भी सचिव ने अधीक्षक से जानकारी ली एवं उनके उचित इलाज एवं आगे की पक्रियाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट नीतू, संप्रेषण गृह के अधीक्षक मुरारीलाल मीणा, कनिष्ठ सहायक संजय, स्टेनो राहुल डंडोतिया आदि मौजूद रहे।

## सेंट जेवियर्स व रायन इंटरनेशनल स्कूल ने दिखाई बॉर्डर-2, विद्यार्थियों में जगा सैनिकों के प्रति सम्मान



**समय जगत, जबलपुर।** शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में जबलपुर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल एवं रायान इंटरनेशनल स्कूल (शांतिनगर व गुप्तेश्वर) द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। स्कूल प्रबंधन के तत्वावधान में विद्यार्थियों को बॉर्डर-2 फिल्म दिखाकर न केवल उनका मनोरंजन किया गया, बल्कि उन्हें भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स हाई स्कूल शांतिनगर की प्राचार्या मिस माला बैनर्जी ने बताया कि बच्चों को इस प्रकार की प्रेरणादायक फिल्में दिखाने का उद्देश्य उनके भीतर देशभक्ति की भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिक जिस समर्पण और वीरता के साथ देश की रक्षा करते हैं, उसे समझना और उससे प्रेरणा लेना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को ड्ड्रूमें फिल्म प्रदर्शन हेतु ले जाया गया, जहां वे अपने शिक्षकों एवं मित्रों के साथ बेहद उत्साहित दिखाई दिए। फिल्म के दौरान बच्चों ने भावनात्मक एवं प्रेरणादायक दृश्यों को गहराई से महसूस किया और देशप्रेम के जज़्बे को आत्मसात किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फिल्म देखने के साथ-साथ नाश्ते का भी आनंद लिया। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ समय बिताकर इस अनुभव को और अधिक खास बना दिया। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव का रूप ले लिया।

# बदबू से परेशान हैं राहगीर: मुर्गी फार्म पर हो त्वरित कार्रवाई

**आनंद शर्मा - समय जगत, मनेंद्रगढ़।** विकास और सुविधाओं के बड़े-बड़े दावों के बीच नेशनल हाईवे-43 का एक हिस्सा इन दिनों लोगों के लिए किसी गैस चैंबर से कम नहीं रह गया है। कलेक्टर कार्यालय से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक मुर्गी फार्म से निकलने वाली तीखी दुर्गन्ध ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है। यह केवल बदबू नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता की वह कड़वी हकीकत है, जिसे हर राहगीर रोज महसूस कर रहा है।

सुबह हो या शाम, इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों की पहली प्रतिक्रिया होती है जल्दी निकलो यहां से। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग नाक पर रुमाल रखकर या सांस रोककर इस रास्ते को पार करने को मजबूर हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता किसी खतरे से कम नहीं। तेज रफ्तार में चलते समय जब अचानक सड़ी हुई दुर्गन्ध का झोंका आता है, तो संतुलन बिगड़ने तक की नौबत आ जाती है। स्थानीय निवासियों और नियमित यात्रियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले कई महीनों से यही हालात बने हुए हैं। कई बार शिकायतें की गई, ज्ञापन सौंपे गए, यहां तक कि सोशल मीडिया पर भी मुद्दा उठाया गया, लेकिन हर बार वही कहानी कुछ दिन सुधार, फिर वही ढर्रा। ऐसा लगता है मानो समस्या का समाधान नहीं, बल्कि उसे अस्थायी तौर पर दबाने की परंपरा बन गई हो।



सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब यह पूरा मामला प्रशासनिक दफ्तर से महज दो किलोमीटर दूर है, तो फिर भी जिम्मेदारों की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ रही? क्या नियमों का पालन हो रहा है? क्या पर्यावरण और स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई है? और अगर सब कुछ सही है, तो आखिर यह बदबू लोगों का पीछा क्यों नहीं छोड़ रही?

स्थिति उस दिन और ज्यादा भयावह हो जाती है, जब फार्म से निकलने वाले अपशिष्ट और कचरे की मात्रा बढ़ जाती है। उस वक्त दुर्गन्ध कई गुना अधिक फैल जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे दिनों में आसपास के इलाकों में रहना तक मुश्किल हो जाता है। यह केवल असुविधा का मामला नहीं, बल्कि सीधे तौर पर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

इसी दौरान एक मार्मिक दृश्य भी सामने आया। सड़क किनारे एक ग्रामीण महिला अपने बच्चों के साथ बस का इंतजार कर रही थी। उसके साथ खड़ी एक छोटी बच्ची ने मीडिया से अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा, हम लोग यहीं पास में रहते हैं। यहां खड़े रहना मुश्किल हो रहा है, इतनी बदबू आती है कि सांस लेना भी मुश्किल है। इस मुर्गी फार्म को यहां से हटाना चाहिए ताकि किसी को परेशानी न हो। बच्ची की यह मासूम अपील व्यवस्था की संवेदनहीनता पर करारा तमाचा है।

लोग अब खुलकर सवाल पूछ रहे हैं क्या कानून सबके लिए बराबर नहीं है? क्या आम नागरिक की परेशानी की कोई कीमत नहीं रह गई है? और क्या कुछ लोगों के रसूख के आगे नियम-कायदे सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए हैं?

विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की दुर्गन्ध केवल असहजता ही नहीं पैदा करती, बल्कि कई गंभीर बीमारियों को भी जन्म दे सकती है। हवा में फैलने वाले बैक्टीरिया और जहरीली गैसें सांस संबंधी दिक्कतें, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ा सकती हैं। ऐसे में इस समस्या को नजरअंदाज करना सीधे-सीधे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

अब नजरें प्रशासन पर टिकी हैं। क्या इस बार भी केवल दिखावटी कार्रवाई होगी, या फिर वाकई में ठोस कदम उठाए जाएंगे? जरूरत है कि मुर्गी फार्म को निर्धारित मानकों के तहत संचालित कराया जाए, या फिर उसे ऐसी जगह स्थानांतरित किया जाए जहां आमजन प्रभावित न हों।

आखिर में सवाल वही क्या हाईवे पर सफर करना अब बदबू सहने की मजबूरी बन जाएगा, या फिर जिम्मेदार इस सड़ांध पर लगाम लगाएंगे?

क्योंकि यह सिर्फ एक मुर्गी फार्म की कहानी नहीं है, यह उस व्यवस्था की तस्वीर है जहां समस्या सबको दिखती है, लेकिन समाधान करने की हिम्मत किसी में नजर नहीं आती।

## सार संक्षिप्त

### कन्याओं का पूजन कर नववर्ष प्रतिपदा का किया गया शुभारंभ



**समय जगत, आगर मालवा।** विक्रम संवद 2083 गुड़ी पड़वा नववर्ष प्रतिपदा का शुभारंभ भारत विकास परिषद परिवार द्वारा छावनी नाका रोड स्थित राधिका मेडिकल पर किया ।जिसमें भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति की गई ।एवं सभी महानुभावों को रजनीश स्वर्णकार द्वारा तिलक लगाकर नीम मिश्री का सेवन कराया गया। इसमें नौ कन्याओं का पूजन एवं चुनरी उड़ाकर उपहार भेंट किये ।वरिष्ठ अध्यापक ब्रजमोहन जी मेठी अध्यापक द्वारा अपने उद्बोधन में विक्रम संवद का महत्व बताते हुए आज के दिन से प्रकृति अपना नया रूप धारण करती है प्रकृति का परिवर्तन भी आज के दिन से होता है आदि का महत्व बताते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामना प्रेषित की कहा कि नवरात्रि का आरंभ प्रतिपदा से होता है ।विक्रम संवत के पूरे इतिहास से अवगत कराया ।भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पारस जैन द्वारा सबको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें नए वर्ष में नए संकल्प के साथ नवाचार का उपयोग करते हुए सत कार्य करना है एवं सभी को बधाइयां प्रेषित की ।इस कार्यक्रम में प्रांतीय सदस्य महेश माहेश्वरी, शिरोमणि माहेश्वरी,महेंद्र माहेश्वरी ,भीम सिंह गुरासिया , प्रांतीय सदस्य राजेश मेठी, श्रीमती सविता मेठी ,डॉ नरेंद्र सिंह ठाकुर, नेत्रदान प्रकल्प के प्रांतीय संयोजक डॉक्टर चोपड़ा साहब, डॉक्टर विवेक मालानी एवं डॉ सुनीता मालानी ,डॉक्टर चंचल शर्मा, एवं डॉ निवेदिता शर्मा पूर्व महिला प्रमुख उमाजी शर्मा, महिला प्रमुख सुधा मेठी, राजलक्ष्मी ,और लाखन सिंह, बलवंत सिंह बोडाणा ,सोनू खंडेलवाल ,अनूप सिंह परिहार , दशरथ मसानिया, सुरेंद्र पुरोहित, संतोष जैन लालाजी, राकेश कुंछल, मुकेश भटनागर ,आदि सभी महानुभाव उपस्थित रहे एवं जन मन गण राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का स्वल्पाहार के साथ समापन किया ।भारत विकास परिषद सचिव राजेंद्र विश्वकर्मा द्वारा संचालन करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं वर्ष 2025 26 के कार्यक्रम विवरण इस मारिका दिशा पत्रिका का प्रिंटिंग संबंधी जानकारी से अवगत कराया एवं उसमें सभी सदस्यों से सकारात्मक एवं समाज हितेषी लेख देने का आह्वान किया ।यह जानकारी भारत विकास परिषद के कोषाध्यक्ष डॉक्टर रुपेश भावसार द्वारा दी गई ।

### आगर में वैश्य समाज ने धूमधाम से मनाया नववर्ष उत्सव




**समय जगत, आगर मालवा।** नववर्ष के उपलक्ष्य में वैश्य समाज बंधुओं द्वारा स्थानीय पुराने अस्पताल चौराहे पर भव्य नववर्ष उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात :काल से ही हो गई, जिसमें महिला इकाई, युवा इकाई का सहयोग रहा ।इस दौरान राहगीरों को तिलक लगाकर नीम एवं मिश्री वितरित कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई ।साथ ही आसपास की दुकानों पर जाकर भी व्यापारियों एवं नागरिकों को तिलक लगाकर बधाइयां प्रेषित की गई ।कार्यक्रम का समापन अस्पताल चौराहे से विजय स्तंभ तक वाहन रैली के रूप में किया गया। आयोजन में जिला अध्यक्ष एवं बार प्रेसिडेंट अधिवक्ता सुरेंद्र मारु, जिला प्रभारी नितिन गर्ग, महिला इकाई कार्यकारी जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आशा मेठी व सुषमा कंछल, युवा इकाई अध्यक्ष अमित जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पारस जैन, बृजेश सेठी, नगर अध्यक्ष बंटी गोयल, प्रदीप अग्रवाल शिव कुंछल सहित अनेक समाज बंधुओं का विशेष सहयोग रहा ।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल का स्वागत किया गया ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का कार्य कर रहे हैं ।वर्षों से अंग्रेजी नववर्ष को प्रमुखता दी जाती रही है, लेकिन अब ऐसे प्रयासों से भारतीय नववर्ष की परंपरा को नई पीढ़ी में स्थापित करने में सफलता मिल रही है ।प्रदेश मंत्री डॉ. पंकज अटल ने बताया कि पूरे प्रदेश में इस दिन को वैश्य दिवस के रूप में भी उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

# गाजेबाजे के साथ निकाली महर्षि गौतम की शोभायात्रा, गूंजे जयकारे, झूमे समाजजन

## भव्यता से मनी गौतम जयंती, आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम

**समय जगत, श्योपुर ।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने गुरूवार को महर्षि गौतम जी की जयंती भव्यता के साथ मनाई। इस मौके पर शहर में महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा भव्यता के साथ निकाली गई। गाजेबाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजीय बंधु शामिल हुए।



गुरूवार की सुबह किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में महर्षि गौतम जी का सामूहिक पूजन और हवन किया गया, जिसमें समाजीय बंधु बडी संख्या में शामिल हुए, इसके बाद सायंकालीन समय में महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला से शुरू हुई। गाजेबाजे के साथ निकाली इस शोभायात्रा में एक रथनुमा वाहन में महर्षि गौतम जी विराजित थे, समाजीय बंधु महर्षि गौतम जी के जयकारे लगाते चल रहे थे, तो महिलाएं मंगल गीत गाती चल रही थी। जबकि समाजीय युवा नाचते और झूमते चल रहे थे। शोभायात्रा ब्राह्मण पाडा, भोई मोहल्ला, मालियों का मंदिर, टोडी गणेश बाजार, मैन बाजार होते हुए जयस्तंभ चौक पर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। जयस्तंभ चौक से यह शोभायात्रा वापस मुख्य बाजार होते हुए गौतम धर्मशाला पहुंची। जहां विधिवत आरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। इसके बाद सामूहिक सहभोज का आयोजन हुआ, जिसमें समाजीय बंधुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर ट्रस्ट कार्यकारिणी अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज, गौतम जयंती संयोजक जितेन्द्र शर्मा, सह संयोजक एलएन शर्मा, नारायण शर्मा सहित अन्य कई पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले समाजीय बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

**पहली बार जिलेभर के समाजीय बंधुओं ने की रही भागीदारी:** महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा में इस बार शहर के समाजीय बंधुओ के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के समाजीय बंधुओ की भी सहभागिता रही। दरअसल ट्रस्ट कार्यकारिणी के द्वारा इस दफा पहली बार ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले समाजीय बंधुओ को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया था। जिसके चलते इस बार शोभायात्रा और सहभोज के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले समाजीय बंधुओ की उपस्थिति नजर आई।

**गांधी पार्क पर सर्व ब्राह्मण महासभा ने किया स्वागत:** महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा का शहर के गांधी पार्क पर सर्व ब्राह्मण महासभा की श्योपुर जिला इकाई ने स्वागत किया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, हामंत्री कृष्णकांत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, मसहित अन्य कई पदाधिकारी व समाजीय लोग मौजूद थे।

अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड ब्राह्मण महिला महासभा द्वारा बायपास रोड स्थित गौ सेवा धाम मे महर्षि गौतम जी का प्रकट दिवस मनाया गया। महासभा की अध्यक्ष प्रभा गौतम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जुटी समाजीय महिलाओ ने सबसे पहले महर्षि जी का पूजन किया तत्पश्चात गौ माता का पूजन कर उनको चारा व गुड खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विधायक तो रहेंगे मल्होत्रा लेकिन विधानसभा में वोटिंग या निधि का नहीं कर सकेंगे उपयोग



**समय जगत, श्योपुर ।** श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के चुनाव शून्य घोषित करने वाले निर्णय पर रोक लगा दी है। यह निर्णय नौ मार्च को सुनाया गया था और अपील करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह राहत सीमित है और अंतिम फैसले तक कड़े प्रतिबंध लागू रहेंगे। दरअसल, हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मुकेश मल्होत्रा का चुनाव निरस्त करते हुए नतीजों में दूसरे नंबर पर रहे भाजपा के रामनिवास रावत को विजयपुर सीट का विजेता घोषित कर दिया था। अदालत का मानना था कि मल्होत्रा ने नामांकन के दौरान अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं दी, जो जनप्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन है। इसी आदेश को चुनौती देते हुए मल्होत्रा सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। इस स्टे का सीधा असर यह हुआ कि रामनिवास रावत को विजेता घोषित करने की प्रक्रिया फिलहाल रुक गई है और मुकेश मल्होत्रा की सदस्यता बरकरार रहेगी। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ किया कि मल्होत्रा को पूर्ण अधिकार नहीं मिलेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा पर सख्त शर्तें लागू की :** वे विधानसभा में उपस्थित रह सकते हैं, लेकिन किसी भी प्रकार की वोटिंग में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। विधायक निधि (एमएलए फंड) का उपयोग नहीं कर सकेंगे। विधायक के रूप में मिलने वाली सुविधाएं सीमित रहेंगी। गवाहों, साक्ष्यों या दस्तावेजों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। मामले को लेकर सार्वजनिक मंचों पर कोई भ्रामक या दबाव बनाने वाला बयान नहीं देंगे।

**अब सुप्रीम कोर्ट मांगेगा जवाब :** अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में सभी पक्षों से जवाब मांगेगा। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड, नामांकन पत्र और आपराधिक मामलों के खुलासे की विस्तृत जांच के बाद ही अंतिम फैसला आएगा। फिलहाल विजयपुर की राजनीति 'स्टे' पर है, जहां न पूरी जीत है, न पूरी हार। आने वाला फैसला ही तय करेगा कि आखिरकार इस सीट का असली हकदार कौन है।

# सड़कों पर दौड़ रही हैं बेलगाम यात्री बसें प्रशासनिक सक्रियता की है दरकार

**गैरतगंज।** क्षेत्र में यात्री बसों के संचालन में परिवहन नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गैरतगंज से होकर गुजरने वाले भोपाल-सागर मार्ग और सिलवानी-बेगमगंज मार्ग पर ऐसी दर्जनों बसें धड़ल्ले से दौड़ रही हैं, जिनके पास न तो वैध परमिट है और न ही वे सुरक्षा मानकों को पूरा करती हैं। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग सब कुछ जानकर भी अनजान बना हुआ है। परिवहन विभाग की गाइडलाइन के अनुसार, यात्री बसों के स्टाफ के लिए निर्धारित ड्रेस कोड अनिवार्य है, लेकिन यहाँ चालक और परिचालक बिना वर्दी के नजर आते हैं। इसके अलावा कई बसें बिना फिटनेस और बिना वैध परमिट के संचालित हो रही हैं। बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र जैसे जरूरी उपकरण सिर्फ दिखावे के लिए हैं या पूरी तरह गायब है। मुनाफे के चक्कर में क्षमता से अधिक सवारियां बिठाई जा रही हैं, जो सीधे तौर पर हादसों को न्यौता है।




स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह अवैध कारोबार स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग की मिलीभगत से फल-फूल रहा है। नियमित चेकिंग न होने के कारण बस ऑपरेटरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन होने वाली छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन किसी बड़ी त्रासदी का इंतजार कर रहा है।

स्थानीय लोगो ने बताया कि सड़कों पर बिना परमिट दौड़ रही ये बसें यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ हैं। प्रशासन को चाहिए कि तुरंत सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

# निर्विरोध चुने गए राजेश पंवार : मंडलेश्वर पत्रकार संघ में नेतृत्व परिवर्तन, भरत राठौर को दी गई भावभीनी विदाई

**समय जगत, मंडलेश्वर।** स्थानीय पत्रकार संघ में नेतृत्व परिवर्तन के साथ ही पत्रकारिता के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश पंवार को सर्वसम्मति से निर्विरोध संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय वरिष्ठ पत्रकार व संघ के संरक्षक महेंद्र कुमार जैन, डॉक्टर रमेशचन्द्र राठौड़ , चुनाव अधिकारी समीर जैन , वीरेंद्र पाटीदार, रामेश्वर कर्मा, नीलेश जैन, किशोर ठाकुर, दिनेश मेवाड़े और सुनील गाड़गे की गरिमामयी उपस्थिति में लिया गया।



अपनी प्रखर लेखनी और बेबाक निष्पक्षता के लिए पहचाने जाने वाले नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश पंवार ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि संगठन की मजबूती और पत्रकारों के हितों की रक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

समारोह के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष भरत राठौड़ के 2 वर्ष 11 दिन के सफल और सक्रिय कार्यकाल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। संघ के सदस्यों ने राठौड़ को शाल, श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर उनके द्वारा किए गए संगठनात्मक कार्यों के लिए भावभीनी विदाई दी। वक्ताओं ने कहा कि श्री राठौड़ के नेतृत्व में संघ की गतिविधियां न केवल प्रभावी रहीं, बल्कि पत्रकार साथियों के बीच एकता और सामंजस्य भी सुदृढ़ हुआ।

**क्षेत्र के दिग्गजों और गणमान्य नागरिकों ने दी बधाई**

राजेश पंवार के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है। उनकी इस उपलब्धि पर महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर,जिला महामंत्री हरेसिह चावड़ा , नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव , भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई, दीपक ठाकुर, करही मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गौड़, महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, पूर्व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि ब्रह्मदत्त चौहान, अग्रवाल समाज अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजुला मेवाड़े , पूर्व रेडक्रॉस सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पुरोहित , नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष कमलेश चौहान, महेश्वर पत्रकार संघ अध्यक्ष सुनील गाड़गे , वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश राजदीप, एम.आर. जोजु, विनोद भार्गव, दीपक तोमर और नवीन ठाकुर सहित नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डबल इंजन सरकार में संवर रही गांवों की सूरत विधायक बोले - विकास में गुणवत्ता से समझौता नहीं

**समय जगत, मंडलेश्वर।** महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति को विस्तार देते हुए क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन दौरा कर करीब 7 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास कार्यों की बड़ी सौगात जनता को समर्पित की। %विकास पुरुष% के रूप में पहचाने जाने वाले विधायक मेव ने एक ही दिन में विधानसभा की सात प्रमुख पंचायतों में करोड़ों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा। विधायक द्वारा ग्राम पंचायत सोमाखेड़ी में सबसे महत्वपूर्ण बड़दिया-सोमाखेड़ी मार्ग के लिए 268.75 लाख रुपये के कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत होदड़िया में 166 लाख, करोंदिया में 91 लाख, बागदरा में 45 लाख, भकलाय में 42 लाख, मंदोरी में 37.50 लाख और गुलावड़ में 15 लाख रुपये की लागत के विभिन्न जनहितैषी कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण संपन्न हुआ।



इस अवसर पर विधायक ने पेयजल संकट के समाधान हेतु ग्राम पंचायत मेलखेड़ी एवं झिगड़ी को पानी के टैंकर भी वितरित किए। जनसभाओं को संबोधित करते हुए विधायक राजकुमार मेव ने निर्माण एजेंसियों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार में प्रदेश के साथ-साथ महेश्वर क्षेत्र में भी विकास के कार्य काफी तेजी से हो रहे हैं और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र बंटी तंवर, जिला महामंत्री हरेसिह चावड़ा, मंडल अध्यक्ष करही जितेंद्र सिंह गौड़, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लालसिंह पटेल सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गढ़ी में सड़क सुविधाओं के विस्तार की मांग, एमपीआरडीसी को भेजा आवेदन

**गैरतगंज ।** तहसील की ग्राम पंचायत गढ़ी में सड़क निर्माण के साथ जनसुविधाओं के विस्तार की मांग उठी है। ग्राम पंचायत ने इस संबंध में मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीआरडीसी), भोपाल को आवेदन भेजकर आवश्यक कार्य कराने की मांग की है। गौरतलब है कि रायसेन से राहतगढ़ तक लगभग 100 किमी लंबी मुख्य सड़क का निर्माण कार्य निजी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। यह मार्ग ग्राम गढ़ी के आबादी क्षेत्र से होकर गुजरता है, तथा यहां यातायात का दबाव अधिक रहता है। ग्राम पंचायत गढ़ी सरपंच सैयद मसूद अली पटेल ने इस बावत आवेदन दिया है। जिसमें आरएसी फ्यूल पेट्रोल पंप से शिवा पेट्रोल पंप (कढ़ैया) तक सड़क के दोनों ओर करीब एक-एक किमी क्षेत्र में नाली निर्माण की जरूरत बताई गई है। विशेषकर लोहागढ़ टोला क्षेत्र में हायर सेकेंडरी स्कूल, खेल मैदान और दशहरा मैदान होने के कारण बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे लोगों और विद्यार्थियों को परेशानी होती है। साथ ही नाली और सड़क के बीच खाली जगह पर पेवर ब्लॉक लगाने का सुझाव दिया गया है, ताकि पैदल चलने वालों को सुविधा मिल सके और क्षेत्र की स्वच्छता व सौंदर्य भी बढ़े। इसके अलावा गढ़ी बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए नए प्रतीक्षालय के निर्माण और मुख्य मार्ग पर पर्याप्त रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग भी की गई है। आवेदन में एमपीआरडीसी से संबंधित एजेंसी को मौके पर सर्वे कर जल्द से जल्द आवश्यक कार्य शुरू कराने के निर्देश देने की मांग की गई है।

# दादाजी धूनी वाला दरबार श्यामला हिल्स भोपाल में शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ

## प्रतिदिन होगी मां जगदंबे की आराधना, खातेगांव सहित दूर-दूर से पहुंचेंगे भक्त श्रद्धालु

**समय जगत, खातेगांव।** दादाजी धूनीवाला दरबार में होगा अनुष्ठान 104 साल से प्रचलित हवन विधि पर 207 वा शतचंडी महारुद्र यज्ञ आज से शुरू होगा। हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा से प्रारंभ हुये चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार से दादाजी धूनी वाला दरबार श्यामला हिल्स भोपाल स्थित श्री दादाजी धूनीवाला दरबार में 207 वा शतचंडी महारुद्र यज्ञ गुरुदेव दादा भाई के सानिध्य में आयोजित हुआ। यह अनुष्ठान 104 वर्षों से दादाजी दरबार में प्रचलित अखंड हवन विधि पर वैदिक विधि विधान से सवा लाख आहुतियां अर्पित कर संपन्न होगा। दादाजी दरबार की अखंड यज्ञ बेदी हवन कुंड की अग्नि 1922 से निरंतर प्रचलित है और यहां पर दादाजी के भक्तगण श्रद्धालु गण इस पवित्र अवसर पर आश्रम पहुंचते हैं। इस यज्ञ वैदी को श्रद्धालु अत्यंत पवित्र मानते हैं। साधक संत गुरुदेव दादा भाई के अनुसार दोनों नवरात्रि में शतचंडी महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जाता है। नवरात्रि में यह विशेष महत्व रखता है यज्ञ में नो वैदिक कर्मकांड ब्राह्मण यजुर्वेद के अनुसार मंत्रोच्चार और अनुष्ठानिक विधियां संपन्न करायेगे। गुरुवार को सुबह घट स्थापना और देवी देवताओं के पूजन के साथ शतचंडी महारुद्र यज्ञ प्रारंभ हुआ प्रतिदिन सुबह नो बजे से हवन यज्ञ प्रारंभ होगा, संध्या कालीन यज्ञ शाम 6-30 बजे से रात्रि को साढ़े नो बजे तक होगा। महाकाली, महालक्ष्मी, मा सरस्वती और भगवती दुर्गा को विशेष आहुतियां प्रदान की जाती है। अष्टमी के दिन कन्या पूजन कन्या भोजन होगा, नवमी को शतचंडी महायज्ञ की पूर्ण आहुति एवं राम जन्मोत्सव के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा।



## नायब सिंह ने कहा- 3 महत्वपूर्ण प्रस्ताव किये गये पारित

# हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 13 दिन चला, बजट पर हुई 10 घंटे से अधिक चर्चा

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र कुल 13 दिन चला। 13 बैठकों में लगभग 55 घंटे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बजट पर 10 घंटे तीन मिनट तक चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष के सात सदस्यों ने दो घंटे 47 मिनट तथा सत्ता पक्ष के 15 सदस्यों ने छह घंटे 47 मिनट तक अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को बजट सत्र की समाप्ति के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सत्र में तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें आवासन बोर्ड को भंग करने, सफाई कर्मचारी नियोजन एवं शुष्क शौचालय निर्माण अधिनियम 1993 के निरसन तथा जीएसटी से जुड़े टैक्स ढांचे में संशोधन शामिल हैं। इसके अलावा 'विकसित भारत जी-राम' योजना के प्रविधानों पर भी चर्चा हुई और जनता व ग्रामीण मजदूरों की आशंकाओं पर विचार किया गया। ध्यानाकर्षण प्रस्तावों की बात करें तो धान एवं अन्य फसलों



की खरीद, गन्ने की प्रति एकड़ घटती पैदावार तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों द्वारा सेवाएं बंद करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। सदन में कुल आठ विधेयकों को पारित किया गया। इनमें हरियाणा विनियोग (संख्या 1 व 2) विधेयक 2026, प्राध्यापक सेवा सुरक्षा संशोधन विधेयक, ट्रैवल एजेंट्स पंजीकरण एवं विनियमन संशोधन विधेयक, पुलिस संशोधन विधेयक, राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन संशोधन विधेयक, नगरीय क्षेत्र विकास संशोधन विधेयक तथा भूमि समेकन संशोधन विधेयक शामिल हैं। सत्र के अंतिम दिन गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा प्राकृतिक खेती पर दिए गए व्याख्यान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से सदन को नई दिशा मिली। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गंभीर मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श के साथ ही स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप सहमति और असहमति दोनों देखने को मिलीं। यही लोकतंत्र की असली पहचान और उसकी खूबसूरती है। सत्र के दौरान बहसों के बीच हल्के-फुल्के किस्सों, चुटकुलों और शायरी के पल भी देखने को मिले, जिसने सदन के माहौल को संतुलित बनाए रखा। राज्यसभा चुनाव से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया जा रहा धरना-प्रदर्शन उनकी आंतरिक स्थिति को दर्शाता है। पहली बार कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही पोलिंग एजेंट की भूमिका में नजर आया। कांग्रेस नेतृत्व को अपने ही नेताओं पर विश्वास नहीं रहा। चुनाव में भाजपा का भी एक वोट रद किया गया, जिसे पार्टी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए इसे स्वीकार किया।

## कालिंदी कुंज और आसपास के घाटों का किया निरीक्षण

# मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कालिंदी कुंज का लिया जायजा

**नई दिल्ली।** यमुना में बढ़ी झाग को लेकर उठे सवालों के बीच जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को कालिंदी कुंज इलाके में हालात का जायजा लिया। उन्होंने माना कि नदी में प्रदूषण बढ़ गया है और कहा कि झाग की समस्या की मुख्य वजह बैराज की संरचना और जल प्रवाह है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने की कार्रवाई तेज की जाएगी। मंत्री ने कालिंदी कुंज और आसपास के घाटों का निरीक्षण किया। इनके साथ आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ, जिला प्रशासन, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली व उत्तर प्रदेश के संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने बताया कि झाग बनने की ये स्थिति सीमित क्षेत्र में ही है और इसका मुख्य कारण ओखला बैराज की संरचना और जल प्रवाह है। बैराज पर ढलान के कारण पानी तेजी से गिरता है, जिससे हलचल पैदा



होती है और पानी में मौजूद अशुद्धियां झाग के रूप में ऊपर आ जाती हैं। मंत्री ने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से काम कर रही है। अधिकारियों ने ये बताया कि घरेलू डिटर्जेंट से आने वाले सर्फेक्टेंट्स, अवैध डाईंग यूनिट, लॉन्ड्री क्लस्टर, धोबी घाट और कुछ नालों से आने वाला आंशिक या बिना उपचार का पानी भी झाग को बढ़ाता है। यमुना में जल प्रवाह कम होने पर असर ज्यादा नजर आता है। मंत्री ने डीपीसीसी को निर्देश दिया कि प्रदूषण फैलाने वाले सभी स्रोतों की पहचान कर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट क्षमता को बढ़ाकर 1500 एमजीडी तक ले जाने पर काम चल रहा है। नालों में इन-सीटू ट्रीटमेंट के जरिए प्रदूषण को स्रोत पर ही कम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ भी बैराज और जल प्रवाह प्रबंधन पर चर्चा की और बेहतर तालमेल की उम्मीद जताई।

## सार-समाचार

### दिनेश पुरोहित ने बैरागढ़ रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**समय जगत, भोपाल।** दिनांक 18 मार्च को मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य दिनेश पुरोहित द्वारा बैरागढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। दिनेश पुरोहित को जानकारी मिली थी कि बैरागढ़ रेलवे स्टेशन स्वच्छ नहीं है ,वहां पर टॉयलेट में इतनी गंदगी है कि यात्रीगण जा नहीं सकते हैं। यूरिन कम्बोड में यूरिन भरी हुई है। खान पान सामग्री के स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया कि यात्रियों को को एमआरपी से ज्यादा रेट तो नहीं मिल रहा है खान-पान स्टॉल पर भी कमी पाई गई पानी की बोतल निर्धारित एमआरपी मात्र से ज्यादा में बेची जा रही थी। स्टेशन प्रबंधक धर्मराज अहिरवार से भी इस बारे में चर्चा की गई। गाड़ी आउटर में लगवाने, ग्रीन सिग्नल हो जाने के बावजूद गाड़ियों स्टेशन तक नहीं आने देने जैसे विषयों पर बात की गई। दिनेश पुरोहित ने डीआरएम को भी इस स्थिति से अवगत कराया है। ताकि पैसेंजर गाड़ियां समयानुसार स्टेशन पर पहुंच सकें।

### हेमंत की शतकीय पारी से जीती मानेसर स्पोर्ट्स अकादमी

**गुरुग्राम।** एमपीआरसी स्पोर्ट्स पार्क के मैदान पर बुधवार को एनसीआर क्रिकेट अकादमी और मानेसर स्पोर्ट्स अकादमी के बीच 40 ओवर का मैच खेला गया। इसमें मानेसर स्पोर्ट्स अकादमी ने एनसीआर अकादमी को 9 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एनसीआर अकादमी ने 33.2 ओवर में 185 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मानेसर स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने 19 ओवर में एक विकेट खोकर 186 रन बनाए और मैच जीत लिया। एनसीआर क्रिकेट अकादमी के पार्थ ने 45, आर्यन ने 26, पुनीत ने 29 और गुरु ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में समीर ने 3 विकेट, दीपक ने 2 और साहिल ने 2 विकेट लिए। मानेसर स्पोर्ट्स अकादमी के हेमंत ने नाबाद 104 रन की शतकीय पारी खेली, वहीं समीर ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में युवराज ने एक विकेट लिया। हेमंत मैन ऑफ द मैच चुने गए।

### एचपीवी टीकाकरण के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग का अमला हुआ सक्रिय

**फरीदाबाद।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नूंह में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण जागरूकता एवं प्रेरणा अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा, जिला एफएलएन समन्वयक कुसुम मलिक तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आशीष सिंगला ने बच्चियों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया। डॉ. आशीष सिंगला ने बताया कि यह अभियान भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा फरवरी 2026 में शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी सर्वाइकल कैंसर निवारण कार्यक्रम का हिस्सा है। इसके तहत 14ङ्क15 वर्ष की बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन उन एचपीवी प्रकारों से सुरक्षा प्रदान करती है, जो सर्वाइकल कैंसर के 90 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने अभिभावकों से संवाद कर टीकाकरण के लिए सहमति प्राप्त करें और समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने शिक्षकों को भी निर्देशित किया कि वे विद्यालय स्तर पर निरंतर जागरूकता अभियान चलाएं। जिला एफएलएन समन्वयक कुसुम मलिक ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बालिकाओं का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सहमति पत्र लाने वाली छात्राओं को स्वयं अस्पताल ले जाकर टीकाकरण कराया जाएगा।

## गेहूं की खरीद एक अप्रैल को होगी शुरू

# सरसों की खरीद 27 मार्च से, अंबाला मार्केट कमेटी की बैठक में हुआ फैसला

**अंबाला।** अंबाल में बीते शुक्रवार को गोपाल मित्तल की अध्यक्षता में मार्केट कमेटी शहजादपुर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान मार्केट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मित्तल ने बताया कि बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। मार्केट कमेटी की आय-व्यय से संबंधित विवरण की भी पुष्टि की गई तथा विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए उनकी समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में मार्केट कमेटी के आगामी बजट वर्ष 2026-27 को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा कृषि कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त होने वाले किसानों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही मंडी में सरसों और गेहूं की खरीद शुरू होने वाली है, इसलिए मंडी परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। मंडी में 27 मार्च से सरसों की खरीद और एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होगी। इस बैठक में गोपाल मित्तल, जगदीप राणा, अश्वनी अग्रवाल, हरप्रीत सिंह, मुकेश सैनी, दिलबाग सिंह, ओम प्रकाश, सोहन सिंह और तरसेम मौजूद रहे।

## झमाझम बरसात से तापमान में आई गिरावट

# बारिश के चलते 22 उड़ानों के मार्ग में हुआ बदलाव

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट बदली है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद समेत आसपास के इलाकों में धूल भरी आंधी के बाद झमाझम बारिश हुई। जिससे तापमान में कमी दर्ज की गई है। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार की शाम को पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। अचानक काले बादलों के साथ अंधेरा छा गया और कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। इससे पहले ज्यादातर इलाकों में बुधवार को सुबह से ही तेज चमकदार धूप निकली थी। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तेज हो गई। लेकिन, बीच-बीच में बादलों की आवाजाही भी लगातार बनी रही। शाम को अचानक मौसम बदल गया। काले बादल छा गए और तेज धूल भरी हवाएं चलने लगीं। इसके




साथ ही ज्यादातर जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी भी देखी गई। वहीं, मौसम विभाग ने रात 10 बजे तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली हवाई अड्डा के मुताबिक, राजधानी में खराब मौसम के कारण अब तक 22 उड़ानों के मार्ग में बदलाव की सूचना मिली है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने पहले ही ऐसी संभावना जताई थी, क्योंकि पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी हो रही है। मौसम में आए इस बदलाव की वजह पश्चिमी विक्षोभ को बताया जा रहा है। दिल्ली के पालम में शाम 7 बजे हवा की गति 35 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रही। आंधी और बौछारें पड़ने से अलग-अलग हिस्सों में ट्रैफिक रेंगता नजर आया। तेज आंधी से एनसीआर के कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान अधिकतम तापमान 33.6 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को भी दिल्ली में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। गुरुग्राम में मौसम विभाग के अनुसार ऐसा मौसम कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। विभाग ने आज और 20 मार्च को बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश होने से न केवल तापमान में गिरावट आई बल्कि गर्मी से भी राहत मिली है, वायु प्रदूषण के स्तर में भी सुधार की उम्मीद है। बुधवार को गुरुग्राम का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगामी दिनों में 25 से 26 डिग्री तक तापमान रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 21 से 23 मार्च तक मौसम अपेक्षाकृत स्थिर रहेगा। आसमान में आंशिक बादल रहेंगे और तेज बारिश की संभावना कम रहेगी। इस दौरान दिन का तापमान 29-32 और रात का 14-18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# सब रजिस्ट्रार दफ्तर पहुंची आयकर की टीम 3700 करोड़ की गड़बड़ी की है आशंका




**गाजियाबाद।** कानपुर और गौतमबुद्धनगर के बाद आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को गाजियाबाद के सब रजिस्ट्रार-1 के दफ्तर पहुंचकर सर्वे किया। इसमें दफ्तर के डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की गई। शुरुआती जांच के बाद दावा है कि यहां करीब 3700 करोड़ की अनियमितताएं पाई गई हैं। इसके बाद आगे की जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, इसमें डिजिटल रिकॉर्ड को कब्जे में लिया गया है, जहां जानबूझकर गड़बड़ी करने की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार आयकर की टीम दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दफ्तर पहुंची और शाम छह बजे तक सभी रिकॉर्ड को चेक किया गया। विभागीय सूत्रों के अनुसार, जांच के बाद रजिस्ट्री और स्टेटमेंट ऑफ फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन में काफी गड़बड़ी मिली है। जांच में सामने आया है कि बड़ी संख्या में ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिनमें पैन नंबर गलत था। वहीं कई में पैन नंबर लगाया ही नहीं गया, जबकि यह गलत है। इसमें पैन नंबर जरूरी होता है। जानकारी के अनुसार, इस मामले में लापरवाही के साथ अपने लाभ के लिए गड़बड़ी करने की जांच की जा रही है। ऐसा मिलने पर विभाग के अधिकारी भी रडार पर आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार, सब रजिस्ट्रार दफ्तर से होने वाली रजिस्ट्री के बारे में एक एक्सेल शीट बनाकर जानकारी देनी होती है। इस पूरी रिपोर्ट पर एआई की भी नजर रहती है।

# हरियाणा में गरीबों को मिलेंगे मुफ्त प्लॉट: नायब सिंह

## ढाई हजार पंचायतों ने भेजे प्रस्ताव, शहरी-ग्रामीणों के लिए हैं अलग मॉडल

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा में गरीबों को आवास देने की दिशा में सरकार महत्वपूर्ण कदम उठने जा रही है। विधानसभा में डबवाली से इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जो आंकड़े पेश किए, उनसे इस योजना के व्यापक स्वरूप का पता चला है। हरियाणा सरकार अब गांव-गांव में गरीबों को मुफ्त प्लाट देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसके लिए करीब 2500 ग्राम पंचायतों ने प्रस्ताव भेजे हैं। हरियाणा सरकार ने इस योजना को एक ही फार्मूले पर लागू करने की बजाय आबादी के आधार पर अलग-अलग माडल तैयार किए हैं।

10 हजार से अधिक आबादी वाले महाग्रामों में गरीब परिवारों को 50-50 वर्ग गज के प्लाट दिए जाएंगे। सामान्य गांवों में गरीबों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट मिलेंगे। शहरों में गरीबों को 30-30 वर्ग गज के प्लाट मिलेंगे। पंचायत मंत्री ने बताया कि



प्रदेश की लगभग ढ़ाई हजार ग्राम पंचायतों ने पंचायती और शामलात भूमि पर गरीब परिवारों के लिए प्लाट काटने के प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं। इन प्रस्तावों पर विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है और फिलहाल सर्वे कराया जा रहा है। यह सर्वे सिर्फ औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जमीन की उपलब्धता, पात्र लाभार्थियों की पहचान और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सर्वे के बाद ही अंतिम रूप से प्लाटों का आवंटन किया जाएगा, जिससे योजना में पारदर्शिता बनी रहे। सरकार की प्राथमिकता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि आवास योजनाओं पर लगातार काम हो रहा है।

# दिल्ली में सभी इमारतों का होगा फायर ऑडिट

## एलजी तरनजीत संधू ने दिये आवश्यक निर्देश

**नई दिल्ली।** राजधानी में आग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अब सभी इलाकों और संस्थानों में व्यापक फायर ऑडिट कराया जाएगा। दिल्ली राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीएसडीएमए) की बैठक में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने यह निर्देश दिए। राज निवास में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री की सह-अध्यक्षता में हुई बैठक में हाल ही में हुई एक आवासीय आग की घटना पर विस्तार से चर्चा की गई। उपराज्यपाल ने विभागों को निर्देश दिया कि सरकारी इमारतों के साथ-साथ निजी संस्थानों, व्यावसायिक परिसरों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में भी फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फायर ऑडिट केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर उसकी प्रभावी निगरानी हो और जहां भी कमी पाई जाए, वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। साथ ही संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने



पर भी जोर दिया गया, ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने भी आपदा प्रबंधन को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली को आपदा के प्रति अधिक सक्षम और तैयार बनाना समय की जरूरत है। इसके अलावा, बैठक में बदलती अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, खासकर खाड़ी क्षेत्र में तनाव को देखते हुए ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। एलपीजी, पीएनजी, पेट्रोल और डीजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में 21,000 करोड़ के दिल्ली अर्बन फ्लड मिटिगेशन प्लान को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई, जिसके तहत नालों की सफाई, नए स्टॉर्म वॉटर ड्रेन और रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जाएंगे, ताकि मॉनसून के दौरान जलभराव की समस्या को कम किया जा सके। राजधानी में अत्याधुनिक इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (ईओसी) और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। ये केंद्र एआई और सैटेलाइट डेटा के जरिए पूर्वानुमान, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करेंगे। प्रशासन का मानना है कि फायर ऑडिट जैसे कदमों से न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि समय रहते खामियों को दूर कर बड़े हादसों को भी टाला जा सकेगा।

### वॉलीबॉल हॉस्टल में चयन के लिए हुए ट्रायल

**गुरुग्राम।** नेहरू स्टेडियम के वॉलीबॉल हॉस्टल में रिक्त सीटों को भरने के लिए बुधवार को ट्रायल हुए। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 50 से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें दमखम दिखाया। खिलाड़ियों में चयन को लेकर उत्साह साफ नजर आया और सभी ने बेहतर प्रदर्शन कर हॉस्टल में जगह बनाने की कोशिश की। जिले के वॉलीबॉल हॉस्टल में 25 खिलाड़ियों की क्षमता है, लेकिन वर्तमान में 10 खिलाड़ियों की कमी होने के कारण इन रिक्त स्थानों को भरने के लिए दोबारा ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। खेल विभाग के नियमों के अनुसार, प्रत्येक खेल नर्सरी के हॉस्टल में 25 खिलाड़ियों का होना अनिवार्य है। यह प्रदेश का एकमात्र वॉलीबॉल हॉस्टल है, जहां पूरे प्रदेश से चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। ऐसे में इन ट्रायल के माध्यम से नए खिलाड़ियों को मौका मिलने से खेल को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इन ट्रायल के परिणाम आने वाले चार से पांच दिनों के अंदर घोषित किए जाएंगे।